# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 30 मार्च 2025
संवत 2082, चैत्र शुक्लपक्ष 01 – मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 204, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ करियर के लिए उभरता क्षेत्र
ऐश्वर्या राय को दोस्त मानती है जया बच्चन ◂◂ 6


# मुख्तार अंसारी गैंग का फरार शूटर अनुज कनौजिया एनकाउंटर में ढेर

- दो दिन पहले ही एक लाख से बढ़ाकर ढाई लाख की गयी थी इनामी राशि
- नंबर बदलकर मांगता था रंगदारी, यूपी से झारखंड तक था आतंक

**एजेंसी**



**रांची/जमशेदपुर :** मुख्तार अंसारी के शूटर और कुख्यात फरार अपराधी अनुज कनौजिया को झारखंड के जमशेदपुर में एनकाउंटर में मार गिराया गया। झारखंड पुलिस और यूपी एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में इमानी शूटर को मार गिराया गया। अपर पुलिस महानिदेशक (यूपी स्पेशल टास्क फोर्स, कानून व्यवस्था) अमिताभ यश ने एनकाउंटर के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जमशेदपुर में यूपी एसटीएफ और झारखंड पुलिस की संयुक्त टीम के साथ भारी गोलीबारी के बाद मुख्तार गिरोह के शूटर अनुज कनौजिया को मार गिराया गया। उस पर 2.5 लाख रुपये का इनाम था। उन्होंने बताया कि टीम का नेतृत्व कर रहे पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) एसटीएफ डीके शाही को गोली लगी है। मारा गया शूटर माफिया मुख्तार अंसारी का शार्प शूटर था। वह बीते कई सालों से फरार चल रहा था। पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश में थी। उस पर मऊ, गाजीपुर और आजमगढ़ जिलों के विभिन्न थानों में कनौजिया के खिलाफ 23 मामले दर्ज हैं। दो दिन पहले ही बढ़ाई गई थी इनामी राशिः अनुज कनौजिया इतना शातिर अपराधी था कि पुलिस को उसे पकड़ने के लिए इनामी राशि बढ़ानी पड़ी थी। दो दिन पहले ही उसके लिए घोषित की गई इनामी राशि को बढ़ाकर ढाई लाख किया गया था। इससे पहले यह इनाम की राशि एक लाख रुपए थी। जानकारी के मुताबिक, अनुज कनौजिया चिरैयाकोट थाना क्षेत्र के बहलोलपुर गांव का निवासी था। उसका आपराधिक इतिहास काफी लंबा है। उस पर मऊ के अलावा गाजीपुर जिले में दर्ज हैं। पुलिस द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों पर गौर करें तो अनुज पर मऊ जिले के कोतवाली थाने में सर्वाधिक छह मुकदमे दर्ज हैं। वहीं रानीपुर में पांच, दक्षिण टोला थाने में दो व चिरैयाकोट कोतवाली में तीन मामले दर्ज हैं। तीन मुकदमे गाजीपुर जिले के दुल्लहपुर थाने में भी दर्ज हैं। इसके अलावा अन्य थाने में भी मुकदमा दर्ज है।

## तीसरे दिन भी कांपी म्यांमार की धरती, आया 5.1 तीव्रता का भूकंप , अब तक 1700 की मौत

**एजेंसी**

**नई दिल्लीः** म्यांमार शुक्रवार को आए शक्तिशाली भूकंप के बाद लगातार धरती कांप रही है। यूएसजीएस के मुताबिक, रविवार को म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर के पास 5.1 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि, नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने इसकी तीव्रता 4.6 बताई। यह शुक्रवार के विनाशकारी भूकंप के बाद आए झटकों में सबसे नया था। भूकंप के झटके महसूस होने पर मांडले की सड़कों पर लोग चीखने लगे। इससे पहले शुक्रवार को शहर के पास 7.7 तीव्रता का भूकंप आया था, जिससे कई इमारतें गिर गईं और अन्य बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा। अब तक 1,700 लोगों के मारे जाने और 3,400 से अधिक लोगों के लापता होने की खबर है। आशंका जताई जा रही है कि यह संख्या बढ़ सकती है। म्यांमार में लगातार आ रहा भूकंपः रविवार दोपहर आए झटके से पहले 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में शनिवार शाम तक कम से कम पांच झटके महसूस किए गए थे। इसमें सबसे तेज झटका 6.4 तीव्रता का था। लगातार आ रहे झटकों से लोगों में दहशत है। म्यांमार सागाइंग फॉल्ट पर स्थित है, जो इंडिया प्लेट और सुंडा प्लेट को अलग करता है, जिस वजह से यहां भूकंप का खतरा बना रहता है। शुक्रवार को मची थी तबाही, बैंकॉक भी जद में इससे पहले शुक्रवार को आए भूकंप के चलते कई इमारतें ढहने से व्यापक क्षति हुई है। म्यांमार लंबे समय से चल रहे गृहयुद्ध की चपेट में है और वहां पहले से ही एक बड़ा मानवीय संकट बना हुआ है। ऐसे में राहत-बचाव कार्यों में काफी मुश्किल हो रही है। म्यांमार के पड़ोसी देश थाईलैंड में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे और इसने राजधानी बैंकॉक समेत देश के अन्य क्षेत्रों को हिलाकर रख दिया था। हालात यह हैं कि अस्पतालों में जगह कम पड़ गई है और सड़कों पर अस्थाई तरीके से मरीजों का इलाज किया जा रहा है। इलाज सामग्री व दवाओं की भी काफी कमी हो गई है। थाईलैंड में 47 नागरिक लापता, तलाश जारीः बैंकॉक के अधिकारियों ने बताया कि थाईलैंड में भूकंप के कारण अब तक 10 लोग मृत पाए गए हैं, 26 लोग घायल हैं और 47 अब भी लापता हैं। राजधानी के लोकप्रिय चतुचक बाजार के निकट एक निर्माण स्थल पर काफी तबाही हुई है। भूकंप आने पर, थाईलैंड की सरकार के लिए एक चीनी कंपनी द्वारा बनाई जा रही 33 मंजिला ऊंची इमारत हिली और धूल के गुबार के साथ धराशायी हो गई।

पटना पहुंचे अमित शाह ने बिहारवासियों से किया वादा, कहा-

## चीनी मिलों को फिर से करेंगे चालू



**एजेंसी**

पटनाः केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज (रविवार) पटना के बापू सभागार में सहकारिता विभाग के कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। यहां उन्होंने 4 विभागों की 823 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में सीएम नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार मौजूद थे। कार्यक्रम में 100 सहकारी समितियों को माइक्रो एटीएम भी बांटें। साथ ही गृहमंत्री ने मिथिला के लोगों को मखाना प्रोसेसिंग यूनिट का ऑनलाइन उद्घाटन किया। यहां से उन्होंने 7000 सहकारी समिति को संबोधित भी किया।

चीनी मिलों को फिर से शुरू करेंगेः सहकारिता विभाग के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गृहमंत्री शाह ने कहा, बीते 10 साल में मोदी सरकार ने देश के 60 करोड़ गरीब के लिए काम किया। मैं लालू यादव से पूछता हूं कि आपने गरीबों के लिए कुछ किया हो तो खाका लेकर आइए। लालू यादव ने गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। पीएम मोदी ने करीबों की मदद के लिए सहकारिता क्षेत्र में काम किया। सहकारिता क्षेत्र का सबसे ज्यादा फायदा बिहार को होने वाला है। उन्होंने आगे कहा, लालू यादव के शासन में विकास चौपट हुआ। चीनी मिले बंद हुईं। मैं जनता से कहने आया हूं कि फिर से एनडीए की सरकार बनाइए, हम चीनी मिलों को फिर से शुरू करेंगे।

लालू यादव पर भी साधा निशानाः गृहमंत्री शाह ने आगे लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा, राजद के शासन काल में अपहरण, हत्या, लूट और नरसंहार होता था। बिहार का नाम बदनाम हुआ। एनडीए की सरकार ने बिहार के विकास के लिए काम किया। बिहार में जंगलराज है अब ये नहीं कहा जा सकता।

# रूसी राष्ट्रपति पुतिन की आलीशान कार में हुआ जोरदार धमाका

- जेलेंस्की ने की थी मौत की भविष्यवाणी

**एजेंसी**



मॉस्को : मॉस्को में एक आलीशान ऑरस लिमोजिन कार में धमाका हुआ है। यह रूसी राष्ट्रपति पुतिन के काफिले की है। एक ही झटके में यह कार आग का गोला बन गई। रूसी सुरक्षा एजेंसी एफएसबी के मुख्यालय के पास यह विस्फोट हुआ। एक रिपोर्ट के मुताबिक पुतिन ने इस धमाके के बाद सीवर की तलाशी से लेकर अपने गार्डों की जांच का आदेश दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि आग इंजन से शुरू हुई और देखते ही देखते पूरी गाड़ी चपेट में आ गई। लिमोजिन में आग लगते ही आस-पास के बार से कर्मचारी मदद के लिए पहुंचे, लेकिन आग इतनी भयानक थी कि वह बस देखते रहे। लिमोजिन पुतिन के प्रेसिडेंशियल प्रॉपर्टी मैनेजमेंट डिपार्टमेंट की बताई जा रही है। घटना लुब्यंका में स्थित एफएसई गुप्त सेवा मुख्यालय के पास हुई। बता दें कुछ ही दिन पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने पुतिन की मौत की भविष्यवाणी भी की थी।वहीं दूसरी तरफ यूक्रेन की सेना ने रूस के बेलगोरोड क्षेत्र में जोरदार हमला बोल दिया है। जिससे रूसी खेमे में हड़कंप मच गया। बेलगोरोड के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव के मुताबिक यूक्रेन ने 150 किलोमीटर लंबी सीमा पर 20 से ज्यादा गांवों को निशाना बनाया। यूक्रेन की सेना ने इस हमले को नहीं माना है। पिछले साल यूक्रेन ने रूस के कुर्स्क इलाके के 1000 वर्ग किमी पर कब्जा किया था। लेकिन हाल ही में यह उसके हाथ से निकलता जा रहा है। इसके पीछे उत्तर कोरियाई सैनिकों की मदद है। गुरुवार को दक्षिण कोरिया की सेना ने बड़ा खुलासा किया। उसने बताया कि उत्तर कोरिया ने इस साल की शुरूआत में कम से कम 3000 अतिरिक्त सैनिकों को रूस भेजा है। यह दिखाता है कि किम जोंग लगातार पुतिन की सेना का समर्थन कर रहे हैं। उत्तर कोरियाई सैनिकों की ताजा मदद के कारण रूस ने यूक्रेनी सैनिकों को यूक्रेन सीमा तक खदेड़ दिया। इसी से बौखलाई जेलेंस्की की सेना ने बेलगोरोड में नया हमला शुरू कर दिया है।

## रेलवे ट्रैक से महिला का शव बरामद दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

**एजेंसी**

**सरायकेलाः** जिले के गम्हरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत यशपुर फाटक के पास रेलवे ट्रैक के बीच एक महिला का शव बरामद किया गया है। शव देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि हत्यारों ने महिला के गर्दन, दोनों हाथ और नाजुक अंगों को धारदार हथियार से काट दिया है। रविवार की सुबह सूचना मिलने के बाद गम्हरिया पुलिस मौके पर पहुंचे और शव में अपने कब्जे में ले लिया है। साथ ही मामले की छानबीन कर रही है। फिलहाल महिला के शव की पहचान अभी तक नहीं हुई है। इधर घटनास्थल पर गम्हरिया पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजने की तैयारी में जुट गई है। शव देख कर ऐसा लगता है कि महिला की हत्या कहीं और की गई होगी और शव को छुपाने के उद्देश्य से रेलवे ट्रैक के बीच में लाकर रख दिया गया है। जिससे ये घटना हादसा या आत्महत्या जैसा प्रतीत हो। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही है।

**जांच के बाद स्पष्ट होगा मामलाः पुलिस**

इस पूरी घटना को लेकर पुलिस फिलहाल कुछ भी कहने से बचते नजर आ रही है। पुलिस पदाधिकारी का कहना है फिलहाल ये जांच का विषय है। घटना की जांच के बाद ही इसकी असली वजह का पता चल पाएगा। सब इंस्पेक्टर जयराज चौधरी ने बताया कि शव देखने से महिला का प्रतीत हो रहा है कि इसके साथ गलत हरकत हुई है। साथ ही कहा कि जब तक शव की पहचान नहीं होती है, तब तक घटना के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा सकती है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है और शिनाख्त के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।

## गोमो रेलवे यार्ड में खड़ी रेलगाड़ी में लगी आग, कोच पूरी तरह से जलकर खाक

धनबादः गोमो सिकलाइन रेलवे यार्ड में खड़ी एक कोच में भीषण आग लग गई। इससे रेल कर्मियों में अफरा-तफरी मच गई। रेल कर्मियों ने घटना की जानकारी अपने वरीय अधिकारियों को दी, जिसके बाद सबसे पहले फायर ब्रिगेड की टीम पहुंचीं और फिर अन्य रेल कर्मी भी मौके पर पहुंचे। राहत की बात है कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया है। साथ ही आसपास खड़ी अन्य कोच को भी सुरक्षित बचा लिया गया है।चीफ रेलवे यार्ड सत्यनारायण झा के मुताबिक रविवार सुबह करीब चार बजे यार्ड में खड़ी एक कोच में आग लग गई। कोच के दोनों ओर अन्य कोच की रैक खड़ी थी।



आग इन कोचों को भी अपनी चपेट में ले सकती थी, लेकिन रेलवे अधिकारी और कर्मियों की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। समय रहते जिस कोच में आग लगी थी, उसके दोनों ओर खड़ी रैक को हटा लिया गया था। साथ ही जिस कोच में आग लगी थी, उसे काटकर रैक से अलग कर दिया गया। उसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम की कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पा लिया। हालांकि आग की इस घटना में कोच पूरी तरह से जलकर खाक हो गई है। आग बुझाने के बाद कोच की जांच पड़ताल की गई, जिसमें कोच के अंदर शराब की बोतल मिली है। संभावना जताई जा रही है कि असामाजिक तत्व के द्वारा कोच के अंदर शराब पीने के बाद सिगरेट जलाने से यह घटना घटी है। चीफ रेलवे यार्ड ने कहा कि शॉर्ट सर्किट से भी आग लग सकती है। कोच के अंदर बैटरी रहती है। हालांकि अबतक आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। कितनी संपत्ति का नुकसान हुआ है, इसका आकलन किया जा रहा है। वहीं, सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार ने कहा कि एक बोगी में लाग लगी है। कोच का दरवाजा टूटा हुआ था।

मन की बात : पीएम मोदी ने जल संरक्षण को बताया अहम, कैच द रेन अभियान का किया जिक्र

# हमारे त्योहार देश की विविधता में एकता को दर्शाते हैं

**एजेंसी**





**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 120वें एपिसोड में जल संरक्षण को देश के लिए जरूरी बताया। इस दौरान उन्होंने देशभर में जलशक्ति मंत्रालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की चर्चा की और जल संरक्षण के महत्व को समझाया। प्रधानमंत्री ने कहा, गर्मी का मौसम शुरू होते ही शहर-शहर, गांव-गांव, पानी बचाने की तैयारियां भी शुरू हो जाती हैं। अनेक राज्यों में वाटर हार्वेस्टिंग से जुड़े कामों ने, जल संरक्षण से जुड़े कामों ने नई तेजी पकड़ी है। जलशक्ति मंत्रालय और अलग-अलग स्वयंसेवी संस्थाएं इस दिशा में काम कर रही हैं। उन्होंने जल संरक्षण के उपायों का जिक्र करते हुए कहा, देश में हजारों कृत्रिम तालाब, चेक डेम, बोरवेल रिचार्ज, कम्युनिटी सॉक पिट का निर्माण हो रहा है। हर साल की तरह इस बार भी कैच द रेन अभियान के लिए कमर कस ली गई है। ये अभियान भी सरकार का नहीं बल्कि समाज का है, जनता-जनार्दन का है। पीएम मोदी ने जल संचय जन-भागीदारी अभियान को भी महत्वपूर्ण बताया और कहा कि यह प्रयास है कि जो प्राकृतिक संसाधन हमें मिले हैं, उसे हमें अगली पीढ़ी तक सही सलामत पहुंचाना है। प्रधानमंत्री ने उदाहरण के तौर पर बताया कि कैसे बारिश की बूंदों को संरक्षित कर पानी बर्बाद होने से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा, पिछले कुछ सालों में इस अभियान के तहत देश के कई हिस्सों में जल संरक्षण के अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। मैं आपको एक दिलचस्प आंकड़ा देता हूं, पिछले 7-8 साल में नए बने टैंक, तालाब और अन्य जल रिचार्ज संरचनाओं से 11 बिलियन क्यूबिक मीटर उससे भी ज्यादा पानी का संरक्षण हुआ है। प्रधानमंत्री ने इस आंकड़े को समझाते हुए कहा, अब आप सोचेंगे कि 11 बिलियन क्यूबिक मीटर पानी कितना पानी होता है? उन्होंने आगे कहा कि भाखड़ा नांगल बांध में जो पानी जमा होता है, उसकी तस्वीरें तो आपने जरूर देखी होंगी। ये पानी गोविंद सागर झील का निर्माण करता है। इस झील की लंबाई ही 90 किलोमीटर से ज्यादा है। इस झील में भी 9-10 बिलियन क्यूबिक मीटर से ज्यादा पानी संरक्षित नहीं हो सकता है। और देशवासियों ने अपने छोटे-छोटे प्रयास से, देश के अलग-अलग हिस्सों में 11 बिलियन क्यूबिक मीटर पानी के संरक्षण का इंतजाम कर दिया है , है ना ये शानदार प्रयास!

प्रधानमंत्री ने कर्नाटक के गडग जिले के लोगों के प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, कुछ साल पहले यहां के दो गांव की झीलें पूरी तरह सूख गईं। एक समय ऐसा भी आया जब वहां पशुओं के पीने के लिए भी पानी नहीं बचा। धीरे-धीरे झील घास-फूस और झाड़ियों से भर गई। लेकिन गांव के कुछ लोगों ने झील को पुनर्जीवित करने का फैसला किया और काम में जुट गए। पीएम मोदी ने कहा कि गांव के लोगों के प्रयासों को देखकर आसपास की सामाजिक संस्थाएं भी उनसे जुड़ गईं। सब लोगों ने मिलकर कचरा और कीचड़ साफ किया और कुछ समय बाद झील वाली जगह बिल्कुल साफ हो गई। अब लोगों को इंतजार है बारिश के मौसम का। प्रधानमंत्री ने इस उदाहरण को कैच द रेन अभियान का एक शानदार उदाहरण बताया। उन्होंने कहा, आप भी सामुदायिक स्तर पर ऐसे प्रयासों से जुड़ सकते हैं। इस जन-आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए आप अभी से योजना जरूर बनाइए, और आपको एक और बात याद रखनी है , हो सके तो गर्मियों में अपने घर के आगे मटके में ठंडा जल जरूर रखिए। घर की छत पर या बरामदे में भी पक्षियों के लिए पानी रखिए। देखिएगा, ये पुण्य कार्य करके आपको कितना अच्छा लगेगा।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि आज और आगामी दिनों में मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहार भारत की विविधता में व्याप्त एकता की भावना के सूचक हैं। मोदी ने लोगों से इस भावना को मजबूत करने का आग्रह किया। उन्होंने मन की बात मासिक कार्यक्रम में कहा कि रविवार को विभिन्न राज्य अपना पारंपरिक नववर्ष मना रहे हैं और आगामी दिनों में कई अन्य राज्य भी इसे मनाएंगे।

मोदी ने कहा कि ईद सहित अन्य त्योहार भी मनाए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों को इन त्योहारों की बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में कुछ ही सप्ताह बाद गर्मी की छुट्टियां भी शुरू होने वाली हैं और गर्मी के लंबे दिन छात्रों के लिए नए शौक विकसित करने एवं अपने कौशल को निखारने का समय होते हैं।

## जंगली हाथी के हमले में दो की मौत

**एजेंसी**

**गुमलाः** जिले में जंगली हाथियों का आंतक थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को जंगली हाथी ने तीन लोगों को निशाना बनाया, इस हमले में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक शख्स घायल है। जिसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पहली घटना रायडीह थाना क्षेत्र के डेरांगडीह की है। जहां अम्बाकोना जंगल में एक व्यक्ति लगभग 45 वर्षीय जेम्स कुजूर महुआ चुनने शनिवार को गया था। इस दौरान जंगली हाथी से उसका सामना हो गया। जंगली हाथी द्वारा वह कुचलकर मार डाला गया। सूचना पर रविवार को रायडीह थाना पुलिस और वन विभाग ने पहुंचकर शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दूसरी घटना अल्बर्ट एक्का प्रखंड में हुई। जहां दो ग्रामीणों को घर के आंगन से निकलने के दौरान जंगली हाथी ने कुचल डाला। इस दौरान ग्रामीणों ने



जंगली हाथी को वहां से भगाया। ऐसे ही 50 वर्षीय शख्स अरविंद सिंह राजावत को पटक कर जख्मी कर दिया। जिसके बाद दोनों घायलों को डूमरी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्रारंभिक उपचार के बाद सदर अस्पताल में एक की मौत हो गई। वहीं वन विभाग लगातार इन घटनाओं पर नजर बनाए हुए हैं। जिसके लिए माइक से लगातार अनाउंस कराकर लोगों को जागरुक किया जा रहा है। वन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक जंगली हाथी ने तीन दिनों में पांच लोगों को कुचलकर मार डाला है जबकि तीन से अधिक जख्मियों का इलाज चल रहा है।

न्यूज़ ब्रीफ

## रामचरित मानस नवाह्न पारायण महायज्ञ - भागवत कथा शुरू



**मुरी :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत लोदमु आम बगान में आज से रामचरित मानस नवाह्न पारायण महायज्ञ एवं भागवत कथा का शुभारम्भ किया गया। जिसमें पुरोहित रूपेश, शम्भनाथ पांडे,बाला के संयुक्त सहयोग से विधिवत कलश की पूजा अर्चना की गई । उसके बाद ग्रामीण महिलाओं ने कलश लेकर स्वर्णरेखा नदी से जल उठा कर पुनः लोदमु स्थित राम मंदिर में स्थापित किया । घंटों पूजा पाठ कार्यक्रम चलता रहा। इसमें स्थानीय सहयोग के रुप में अध्यक्ष माथुर, सचिव इंद्रजीत महतो, महेन्द्र महतो, नागेन्द्र बेदिया, पुरूषोत्तम महतो, दुर्गा यादव समेत दर्जनों ग्रामीण ने भाग लिया।

## कलश यात्रा के साथ चैत्र नवरात्र शुरू



**खलारी:** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मोहन नगर में कलश यात्रा निकाली गई। जो मोहन नगर दुर्गा मंडप से प्रारंभ होकर मानकी सपही नदी तक पहुंचेगी। जहां से श्रद्धालु पवित्र जल भरकर वापस दुर्गा मंडप लेकर आयेंगे । इस पवित्र जल से माँ दुर्गा की प्रतिमा का जलाभिषेक किया जाएगा और विधिवत कलश स्थापना के साथ माँ शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की जाएगी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अपने परिवार के लिए मां दुर्गा से सुख- समृद्धि की कामना की। मौके पर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष कृष्णा चौहान, नंदलाल चौहान ,रामबली चौहान ,अभिषेक चौहान ,रमेश चौहान, अरुण चौहान, भूषण सिंह ,देवेंद्र मालाकार, पुजारी बुटन चौहान ,सतीश चौहान व अन्य कई श्रद्धालु शामिल हैं।

## साइबर अपराध के नये मॉड्यूल का भंडाफोड़, 3 साइबर अपराधी गिरफ्तार




**जामताड़ा :** जिला पुलिस ने साइबर अपराध के नए मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए 3 साइबर अपराधी को जिले के करमातांड थाना क्षेत्र के कमार्टांड़ बस्ती से गिरफ्तार किया है।

प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक चंद्रशेखर ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी नए साइबर मॉड्यूल के तहत क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों को एनी डेस्क एप के माध्यम से नजर रख रहे थे। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने 50000 नगद सहित मोबाइल, सिम, एटीएम, कार्ड, आधार कार्ड, स्कार्पियो चार पहिया वाहन और मोटरसाइकिल भी बरामद किया है। इन अपराधियों का मोबाइल ट्रैक कर साइबर अपराध की घटना को अंजाम देते हुए रंगे हाथों की रफ्तार किया गया है।

चंद्रशेखर ने बताया कि गिरफ्तार साहिल अंसारी, फैयाज अंसारी और साकिब अंसारी क्रेडिट कार्ड धारकों को एनी डेस्क एप के माध्यम से क्रेडिट लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर फंसाते थे और उनका बैंक अकाउंट खाली करते थे। इनका कार्य क्षेत्र तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र है। इन अपराधियों का आपराधिक इतिहास को पुलिस खंगाल रही है।

## एक अप्रैल को रांची में रहेगा बड़ा ट्रैफिक डायवर्जन, मेन रोड पर नहीं चलेंगी गाड़ियां

**रांची :** रांची समेत राज्यभर में सरहुल पर्व पर एक अप्रैल को निकाली जाने वाली भव्य शोभायात्रा की तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। इसके लिए पुलिस ने शहर की यातायात व्यवस्था में भी कई तरह के बदलाव किए हैं। शोभायात्रा के दौरान शहर में भारी वाहनों के प्रवेश के साथ पर रोक रहेगी। दोपहर एक बजे से मेन रोड में किसी भी प्रकाश के वाहन न तो चलेंगे और न ही प्रवेश करने दिया जाएगा। इस सम्बंध में शनिवार को यातायात पुलिस अधीक्षक कैलाश करमाली ने निर्देश जारी किए हैं। कहा है कि एक अप्रैल को भारी वाहन सुबह छह से रात 12:30 बजे तक प्रवेश नहीं करेंगे। सभी वाहन रिंग रोड होकर चलेंगे।

वाहनों को रोकने के लिए बन रहे ड्रॉप गेटः सरहुल के समय शोभायात्रा रांची कॉलेज से निकलकर रेडियम रोड, शहीद चौक, अलबर्ट एक्का चौक से मेन रोड होते हुए सुजाता चौक के पास पहुंचती है। इसके बाद नयासराय, नामकुम, बड़ा घाघरा, डोरंडा की ओर से आने वाला सरहुल जुलूस ओवरब्रिज होते हुए चुटिया में सिरमटोली सरनास्थल पहुंचता है। इन सभी मार्गों पर वाहनों का प्रवेश बंद करने के लिए एक दर्जन से ज्यादा ड्रॉप गेट बनाए जा रहे हैं।

एसएसपी आवास चौक से रेडियम चौक, शहीद चौक, अलबर्ट एक्का चौक, काली मंदिर, सुजाता चौक, मुंडा चौक से सिरमटोली तक गाड़ियां नहीं चलेंगी। सर्कुलर रोड से आने वाले वाहन जेल चौक तक जाएंगे। कचहरी एसबीआई के पास रेडियम चौक तक वाहनों का परिचालन भी बंद रहेगा। पुराना नगर निगम कार्यालय मार्ग से कमीशनर चौक के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित किया गया है। अपर बाजार से शहीद चौक आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। चडरी तालाब से अलबर्ट एक्का चौक आने वाले वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। थड़पखना मार्ग में सामान्य वाहन नहीं चलेंगे। पुरुलिया रोड से सर्जना चौक की ओर आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। विष्णु सिनेमा मार्ग से मेन रोड के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। चर्च रोड से मेन रोड के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। कर्बला चौक से रतन पीपी के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। पटेल चौक से मुंडा चौक की ओर परिचालन बंद रहेगा। बहुबाजार से मुंडा चौक, सिरमटोली सरगना स्थल तक सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। राजेंद्र चौक से ओवर ब्रिज, सुजाता चौक की ओर किसी प्रकार के वाहनों का परिचालन नहीं होगा। कांटाटोली से बहुबाजार की ओर जाने वाले वाहनों का परिचालन बहु बाजार तक होगा।

# जेजेएमपी का एरिया कमांडर गिरफ्तार

### किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की बना रहा था योजना

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**लातेहारः** जिले के छिपादोहार थाना क्षेत्र के कटिया जंगल से पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के एरिया कमांडर मुरारी भुईयां उर्फ पप्पू जी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बरवाडीह के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी भरत राम ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को सूचना मिली थी कि जेजेएमपी का सक्रिय दस्ता कटिया जंगल में साईन बोर्ड के समीप एकत्रित होकर किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है।



इस आधार पर एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए कटिया जंगल में साईन बोर्ड के करीब पहुंची तो पुलिस को देखते ही वहां एकत्रित लोग अपना-अपना हथियार एवं सामान लेकर भागने लगे। इस दौरान टीम ने कटिया जंगल में भागते हुए एक व्यक्ति को पकड़ लिया, जबकि अन्य लोग भागने में सफल रहे। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान मुरारी भुईयां उर्फ छोटू जी उर्फ पप्पू के रूप में की गई। राम ने बताया कि पूछताछ के क्रम में मुरारी ने बताया कि वह जेजेएमपी उग्रवादी संगठन का एरिया कमांडर है। फरार होने वाले लोगों में जेजेएमपी का सब जोनल कमांडर अखिलेश यादव, एरिया कमांडर बैजनाथ सिंह, विजय यादव, ध्रुव राम उर्फ ध्रुव जी, कैडर सदस्य बुतरू भुईयां उर्फ छोटू शामिल है।

मुरारी भुईयां के विरूद्ध दर्ज हैं कई मामले : मुरारी भुईया ने बताया कि उसने अपना हथियार भागने के क्रम में दस्ता के सदस्य बुतरू भुईया उर्फ छोटू को दे दिया था। उसने बताया कि जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के सुप्रीमो पप्पू लोहरा के कहने पर वे लोग अपने दस्ता के साथ मिलकर लातेहार और पलामू जिला अन्तर्गत ठेकेदारों एवं व्यवसायियों से लेवी वसूली, आगजनी, फायरिंग एवं हत्या जैसी घटना को अंजाम देते हैं। उसने बताया कि बोकाखाड़ और हेरहंज (लातेहार) में पुलिस के साथ हुए मुठभेड़ में वह शामिल था। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि मुरारी भुईयां पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के बसरिया गांव का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि मुरारी भुईयां के विरूद्ध कई मामला दर्ज है।

## मवेशी व्यापारी से लूट मामले में पांच गिरफ्तार

**देवघर :** पाथरौल में गिरिडीह के मवेशी व्यापारी से हुई 2 लाख 23 हजार रुपए की लूट मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। लूट की यह घटाना 23 मार्च को हुई थी। बाइक सवार तीन अपराधियों ने सारठ-मधुपुर एनएच पर पाथरौल थाना क्षेत्र के सिमरा मोड़ के समीप गिरिडीह के मवेशी व्यापारी मोहम्मद शाहबाज आलम से लूटपाट की थी। एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद ने मामले के उद्भेदन के लिए विशेष टीम गठित की थी। टीम ने घटना के बारे में मिले तकनीकी साक्ष्य के आधार पर जसीडीह थाना क्षेत्र में छापेमारी कर घटना में शामिल 5 आरोपियो को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों में गिरिडीह जिले के राजधनवार थाना क्षेत्र के सिरसाय गांव निवासी प्रदीप राय, जसीडीह थाना क्षेत्र के शंकरी कोठिया निवासी राजू कुमार दास, दर्दमारा निवासी दशरथ दास, नारायणपुर बाघमारा का बबन दास उर्फ शिवनारायण दास व बिहार के जमुई जिले का सुमन कुमार सिंह शामिल है।

## आरएस मोर कॉलेज में साइंस संकाय बिना शिक्षक के

**धनबाद :** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के अंगीभूत कॉलेजों में शिक्षकों की भारी कमी है। कई महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक नहीं होने से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस समस्या से जूझ रहे कॉलेजों में गोविंदपुर स्थित आरएस मोर कॉलेज विज्ञान संकाय के फिजिक्स और मैथ जैसे महत्वपूर्ण विषय बिना शिक्षक के संचालित हो रहा है। स्नातक स्तर पर फिजिक्स एक ऐसा विषय है, जिसे साइंस संकाय के सभी छात्र मेजर और माइनर पेपर के रूप में पढ़ते हैं। कॉलेज में विज्ञान संकाय के लगभग तीन हजार छात्र नामांकित हैं, लेकिन पिछले एक वर्ष से अधिक समय से फिजिक्स के लिए कोई शिक्षक उपलब्ध नहीं है। कॉलेज में इस विषय के अंतिम शिक्षक, डॉ राजेंद्र प्रताप का एक वर्ष पहले विवि पीजी विभाग में विभागाध्यक्ष के पद पर ट्रांसफर हो गया है। इसके बाद से कॉलेज में फिजिक्स विभाग में एक भी शिक्षक नहीं है। कॉलेज में साइंस के छात्र यूट्यूब और गेस पेपर के भरोसे फिजिक्स की पढ़ाई करने को मजबूर हैं। मैथ में हर वर्ष 150 से अधिक छात्र लेते हैं नामांकन : कॉलेज में मैथ विषय के लिए पिछले पांच वर्षों से एक भी शिक्षक नियुक्त नहीं किया गया है। हर वर्ष 150 से अधिक छात्र इस विषय में नामांकन लेते हैं, जबकि साइंस संकाय के कई छात्र माइनर पेपर के रूप में भी मैथ पढ़ते हैं। छात्रों का कहना है कि फिजिक्स और मैथ जैसे विषयों के लिए गहन मार्गदर्शन आवश्यक होता है, लेकिन कॉलेज में मैथ के शिक्षक नहीं होने कारण वे स्व-अध्ययन और कोचिंग पर निर्भर होने को मजबूर हैं। कॉलेज में साइकोलॉजी विषय के लिए केवल एक ही शिक्षक उपलब्ध हैं, जो सप्ताह में तीन दिन विश्वविद्यालय और तीन दिन कॉलेज में कक्षाएं लेते हैं। इससे छात्रों को नियमित रूप से पर्याप्त मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा है।

बिहार दिवस का आयोजन

## बिहारी संस्कृति और खानपान की दिखी झलक

### लजीज पकवानों का नेताओं ने उठाया लुफ्त

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**धनबादः** बिहार के पूर्व सांसद सुशील सिंह ने बिहार दिवस के मौके पर कहा धनबाद आज भले ही बिहार से अलग होकर झारखंड का हिस्सा है। बिहार, झारखंड का रिश्ता बड़े छोटे भाई का है। प्रशासनिक रेखा खींचने से संस्कृति नहीं बदल जाती है।

इसलिये बिहार के इतिहास, अतीत को याद करने के लिये धनबाद में बिहार दिवस मनाया जा रहा है। यहां आकर अच्छा लगा। अनेकता में एकता का संदेश दे रहे हैं। सभी लोग बिहार से जुड़े हुए हैं। सभी चाहते हैं कि बिहार तरक्की करें, यह स्वेच्छा से चाहते हैं।

'बिहार दिवस के मौके पर पूरा माहौल बिहारी रूप में बदल गया है। चैता से लेकर खान पान




बिहारी व्यवस्था किया गया है।

बिहार दिवस के आयोजन में खास बात ये रही कि बिहारी संस्कृति अनुसार चैता सांस्कृतिक गीत देखने को मिली। इसके साथ बिहार के प्रसिद्ध व्यंजन लिट्टी चौखा, दही चूड़ा, गुड़ के अन्य खानपान की व्यवस्था की गयी। बिहार दिवस के मौके पर धनबाद में पूरे बिहारी संस्कृति, खानपान में देखा गया। बिहारी खाना बनाने वाले केटरर ने कहा कि बीजेपी द्वारा बिहार दिवस आज मनाया जा रहा है। विधायक राज सिन्हा ने बिहार दिवस के मौके पर लिट्टी चौखा, दही चूड़ा गुड़ बनाने के लिए निर्देशित किया कहा था, बिहार का प्रसिद्ध भोजन यह सब है। बीसीसीएल कोयला नगर कम्युनिटी हॉल में बीजेपी ने पहली बार बिहार दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया। आयोजन में औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इसके साथ ही धनबाद पूर्व सांसद पीएन सिंह, विधायक राज सिन्हा, पार्टी पदाधिकारी, बीजेपी महिला समिति सदस्य अन्य उपस्थित हुए। इस आयोजन की शुरूआत बीजेपी संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीन दयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया। पार्टी पदाधिकारियों ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत शॉल, पौधा और बुके देकर किया।

एसएनएमएमसीएच की एसआइसीयू में लगे इन्वर्टर की बैट्री खराब

## मोबाइल की रोशनी में हो रहा है मरीजों का इलाज

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**धनबाद :** राज्य के तीसरे सबसे बड़े सरकारी अस्पताल शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) की इमरजेंसी में संचालित सर्जिकल आइसीयू का हाल बुरा है। यहां मोबाइल की रोशनी में मरीजों का इलाज किया जा रहा है। दरअसल, दो दिन से एसआइसीयू में लगे इनवर्टर की बैट्री खराब है। बिजली कटने से दोनों एसआइसीयू में अंधेरा पसर जा रहा है। शनिवार को दिन के लगभग 11 बजे पावर कट हो गया। लगभग एक घंटे बाद बिजली लौटी। सुबह से लेकर शाम तक यही स्थिति बनी रही। बिजली कटने पर एसआइसीयू में अंधेरा पसर जा रहा था। हालांकि, शाम को बिजली कटने पर जेनरेटर से एसआइसीयू में बिजली आपूर्ति की गयी। एसएनएमएमसीएच प्रबंधन के अनुसार उन्हें बैट्री के खराब होने की जानकारी है। अस्पताल में बहाल इलेक्ट्रिशियन को मरम्मत का निर्देश दिया गया है।




अंधेरा देख बिना इलाज किये लौटे कई चिकित्सक : शनिवार को दिन में एसआइसीयू की बिजली लगभग एक घंटे गुल रही। इस दौरान चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए एसआइसीयू पहुंचे चिकित्सक अंधेरा देख बिना मरीजों को देखे लौट गये। कई चिकित्सकों ने एसआइसीयू में भर्ती मरीजों की फाइल अपने चेंबर में मंगवाकर रिपोर्ट देखी।

शाम को जेनरेटर चलाने का निर्देश : बता दें कि एसआइसीयू में बिजली कटने के उपरांत इलेक्ट्रिक सप्लाई व्यवस्था सुचारू रखने के लिए जेनरेटर की सुविधा है। वर्तमान में इमरजेंसी के एसआइसीयू समेत महिला व पुरुष वार्ड में इन्वर्टर व बैट्री की सुविधा उपलब्ध है। इस वजह से शाम के वक्त बिजली कटने पर जेनरेटर चलाने का निर्देश अस्पताल प्रबंधन द्वारा जारी किया गया है।

## गोला के बड़काजारा में छापेमारी, 150 टन कोयला जब्त

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गोलाः** गोला थाना क्षेत्र के बंदा बड़काजारा के समीप शनिवार को जिला खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में छापमारी की गयी। जहां अवैध खनन स्थल से भारी मात्रा में कोयला जब्त किया गया है। जब्त कोयले को हाइवा के माध्यम से गोला थाना लाया गया। इस संबंध में विभाग द्वारा अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। बताया जाता है कि लगभग पिछले एक माह से दामोदर नद के किनारे बंदा बड़काजारा के समीप अवैध कोयले का खनन और उठाव पोकलेन से किया जा रहा था। जिसे हाइवा, ट्रक और ट्रैक्टरों के माध्यम से अन्यत्र स्थल पर भंडारण किया जा रहा था। जहां से रात के अंधेरे में कोयले को एलपी ट्रक सहित विभिन्न मालवाहक वाहनों से यूपी, बिहार, पश्चिम बंगाल आदि मंडियों में भेजा जाता था। इसकी जानकारी मिलने के बाद जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक के नेतृत्व में छापामारी किया गया। पिछले कई दिनों से सोशल मीडिया में बड़काजारा से पोकलेन से कोयला उठाव का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा था। इसके बाद यहां बड़ी कार्रवाई की गयी। सूत्रों की मानें तो अवैध कोयला खनन और तस्करी में एक स्थानीय व्यक्ति सहित धनबाद एवं बोकारो के दो व्यक्ति का नाम सामने आ रहा है। अगर इस मामले की उच्च स्तरीय गहनता से जांच हुई, तो बड़ा खुलासा हो सकता है। उधर, रजरप्पा थाना क्षेत्र के जानियामारा, सिल्ली थाना क्षेत्र के स्वर्णरेखा नदी के समीप गेड़ेवीर एवं झालदा थाना क्षेत्र के डाकागढ़ा के समीप अवैध कोयले कारोबार जोरों से किया जा रहा है।क्या कहते हैं डीएमओइस संबंध में डीएमओ निशांत अभिषेक ने बताया कि कोयला का अवैध खनन और भंडार स्थल बंदा के बड़का जारा से 150 टन अवैध कोयला जब्त किया गया है। जिसे गोला थाना परिसर में रखा गया है। साथ ही इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस मामले से संबंधित किसी भी व्यक्ति की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की गयी है। डीएमओ ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर एवं सोशल मीडिया में वायरल हो रहे फोटो एवं वीडियो के आधार पर उक्त कार्रवाई की गयी है। छापामारी अभियान में गोला थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप सहित कई अधिकारी व जवान शामिल थे।

## आशा बनीं लोजपा आर की महिला प्रदेश अध्यक्ष

**रांची :** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास झारखंड प्रदेश महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आशा राय एवं खेल संस्कृति प्रकोष्ठ की महिला प्रदेश अध्यक्ष ममता रंजन के आदेश अनुसार रांची जिला लोक जनशक्ति पार्टी , रांची जिला अध्यक्ष दिनेश सोनी महासचिव संदीप कुमार की देखरेख में झारखंड प्रदेश एवं रांची जिला में महिला एवं पुरुष लोगों को मनोनीत किया गया । सम्मानित लोगों में लोक जनशक्ति पार्टी और महिला प्रकोष्ठ झारखंड प्रदेश की उपाध्यक्ष पद पर मनीषा देवी, रांची जिला खेल संस्कृति प्रकोष्ठ में लक्ष्मी देवी, रांची जिला लोक जनशक्ति पार्टी आर के रातु प्रखंड अध्यक्ष प्रतिज्ञा कुमार सिंह, सचिव रवि रंजन कुमार एवं महिला प्रकोष्ठ में चांदनी देवी, सुनीता देवी, पूनम देवी, संगम देवी, रेखा कुमारी ,लक्ष्मी देवी, गीता देवी ,संगीता देवी, सुनीता शर्मा ,प्रीति देवी एवं खुशबू देवी ने लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास और का दामन थामा। इस शुभ अवसर पर रांची जिला लोक जनशक्ति पार्टी आर जिला अध्यक्ष दिनेश सोनी के साथ-साथ पूरे जिला के पदाधिकारी और से सभी को ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई दी गयी।

## राज्य के जेलों में केंद्र की सिफारिशों के तहत लागू हो निदेशालय प्रणाली : अजय साह

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** राज्य में भाजपा प्रवक्ता अजय साह ने झारखंड सरकार द्वारा पारित झारखंड कारा एवं सुधारात्मक सेवाएं विधेयक 2025 पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि झारखंड में गिरती कानून व्यवस्था का एक प्रमुख कारण अप्रभावी जेल प्रणाली है। वर्तमान जेल व्यवस्था अपराधियों के मन में कोई भय उत्पन्न नहीं करती, जिससे अपराध पर नियंत्रण पाना मुश्किल हो गया है। जब तक अपराधियों को जेल जाने का डर नहीं होगा, तब तक अपराधों पर अंकुश नहीं लग सकता।

साह ने कहा कि झारखंड में पुलिस, होमगार्ड और जेल विभाग तीनों गृह विभाग के अंतर्गत आते हैं। पुलिस और होमगार्ड में निदेशालय (डायरेक्टरेट) प्रणाली लागू है, लेकिन जेल प्रशासन अभी भी ब्रिटिश कालीन निरीक्षणालय (इंस्पेक्टिरेट) प्रणाली पर आधारित है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पुलिस आयोग (1980) की सिफारिशों के बाद लगभग सभी राज्यों ने पुलिस प्रशासन को निरीक्षणालय से निदेशालय में बदला, लेकिन झारखंड की जेल प्रणाली अब भी औपनिवेशिक व्यवस्था के अधीन चल रही है। साह ने भारत सरकार



द्वारा जारी मॉडल जेल एवं सुधारात्मक सेवा अधिनियम, 2023 और मॉडल जेल मैनुअल, 2016 का हवाला देते हुए कहा कि इन दस्तावेजों में जेल प्रशासन को प्रभावी बनाने के लिए निरीक्षणालय प्रणाली को समाप्त कर निदेशालय प्रणाली अपनाने की सिफारिश की गई है।

साह ने कहा कि यदि निदेशालय प्रणाली लागू की जाती है, तो जेलों की सुरक्षा और प्रशासनिक दक्षता में व्यापक सुधार होगा। भाजपा प्रवक्ता ने 1983 में गठित जस्टिस ए। एन। मुल्ला समिति का जिक्र करते हुए कहा कि इस समिति ने जेल प्रशासन में डायरेक्टर जनरल स्तर के अधिकारी की नियुक्ति की सिफारिश की थी, लेकिन झारखंड सरकार ने इस सिफारिश को नजरअंदाज कर दिया। साह ने यह भी बताया कि जब राष्ट्रीय स्तर पर जेल प्रशासन से जुड़े कार्यक्रम होते हैं, तो अन्य राज्यों से डीजी स्तर के अधिकारी भाग लेते हैं, जबकि झारखंड से केवल आईजी स्तर के अधिकारी जाते हैं। इससे झारखंड की स्थिति कमजोर और दोयम दर्जे की प्रतीत होती है, जो राज्य के लिए अपमानजनक है। साह ने झारखंड सरकार से जेल प्रशासन में निदेशालय प्रणाली लागू करने और राष्ट्रीय स्तर की सिफारिशों को अपनाने की अपील की, जिससे राज्य की कानून व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके।

# सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के आरोप में संजय सेठ सहित सैकड़ों लोगों पर केस दर्ज

संवाददाता

**रांची:** पंडरा ओपी में अलग-अलग मामले में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, भैरव सिंह समेत सैकड़ों लोगों पर सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के आरोप में केस हुआ है। यह केस मनीष कुमार के बयान पर हुआ है।

मनीष कुमार ने बयान में कहा है कि संजय सेठ, मालीत ओझा, कुमुद झा, बैजू सोनी, सत्यनारायण सिंह, प्रदीप ओझा, धर्मेंद्र साहू, अशोक यादव सहित 70 बंद समर्थक भाजपा नेता अनिल महतो की हत्या के बाद अगले दिन रांची बंद के दौरान हाथ बांस और लाठी लिए हुए उग्र नारा लगा रहे थे।

पिस्का मोड़ मुख्य मार्ग को जाम कर आवागमन को बाधित कर दिया गया था। पुलिस द्वारा



आमगमन शुरू कराने का प्रयास किया गया लेकिन संजय सेठ और अन्य आरोपी वहां से हटने के लिए तैयार नहीं थे। वहीं पर धरने पर बैठ गए।

सड़क जाम और धरना का नेतृत्व कर रहे संजय सेठ से कई बार हटने के लिए आग्रह किया गया, लेकिन वहां नहीं हटे। समर्थकों के द्वारा आसपास की दुकानों को जबरन बंद करा दिया गया। सड़क पर टायर जलाकर विरोध किया गया।टायर के जलाए जाने के आस-पास के दुकानों में आग लगने का खतरा उत्पन्न हो गया। इससे दुकानदार डर गए और दुकान बंद कर भाग निकले। पिस्का मोड़ में स्थिति अनियंत्रित हो गई थी।समर्थकों के द्वारा पुलिस के साथ धक्का मुक्की की गई। छात्रों और मरीजों की समस्याओं को देखते हुए उपलब्ध पुलिस बल की मदद से स्थिति का सामान्य किया गया। भैरव सिंह को बनाया गया अभियुक्तः पंडरा में रहने वाले कारोबारी भूपल साहू की हत्या होने के बाद अगले दिन सैकड़ों लोग सड़क पर उतर गए थे। पंडरा को जाम कर दिया गया था। आरोपित भरत काशी और विक्की लोहरा के नेतृत्व में 70 से 80 बंद समर्थकों ने सभी दुकानों को बंद करा दिया था।आवागमन को पूरी तरह से रोक दिया गया था। समर्थक हाथ बांस और लाठी लिए हुए उग्र नारा लगा रहे थे। रवि स्टील चौक के पास भैरव सिंह अपने 30 समर्थकों के साथ पहुंचा और मुख्य मार्ग को जाम कर आवागमन को रोक दिया। पुलिस के द्वारा बल का प्रयोग किया गया तब भैरव सिंह अपने साथियों के साथ वहां से हटा।

अमन सिंह की तलाश में चल रही है छापेमारीः भाजपा नेता अनिल टाइगर हत्याकांड में शामिल अपराधी अमन सिंह की तलाश में कई इलाकों में छापेमारी की जा रही है। लेकिन अमन तक पुलिस पहुंच नहीं पा रही है। हालांकि पुलिस दावा कर रही है कि जल्द ही अमन की गिरफ्तारी होगी।अमन के पीछे पुलिस लगी हुई है। पुलिस अमन के पास जबतक पहुंच रही है वह कुछ ही देर पहले वहां से निकल जा रहा है। पुलिस ने हिंदपीढ़ी में रहने वाले एक युवक को हिरासत में लिया है।

युवक से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जिस युवक को हिरासत में लिया गया है उसने अमन और रोहित को ठहरने में मदद पहुंचाया था। पुलिस का कहना है कि इस घटना में रोहित, अमन के अलावा कई लोगों की संलिप्ता है।

जूता कारोबारी की हत्या में पड़ोसी की तलाश में पुलिसः रांची पुलिस जूता कारोबारी भूपल साहू हत्याकांड में मोहल्ले में रहने वाले एक युवक की तलाश में छापेमारी कर रही है। सीसीटीवी से पता चला है कि जिस व्यक्ति ने घटना को अंजाम दिया है, वह मोहल्ले में रहता था।आपसी विवाद में भूपल की हत्या कर दी गई है। हालांकि इस मामले में पुलिस अभी सिर्फ इतना कह रही है कि अपराधी पहचान हो गई है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

## गणगौर पूजा महोत्सव एक अप्रैल को



मेट्रो रेज

**रांची:** श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर समिति, श्री महेश्वरी सभा, महेश्वरी महिला समिति एवं महेश्वरी युवा संगठन, रांची के संयुक्त सहयोग से, हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समस्त मारवाड़ी समाज द्वारा गणगौर पूजा महोत्सव को हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में किया जाएगा।

**कार्यक्रम विवरण**

1 अप्रैल (मंगलवार)

**गणगौर पूजाः प्रातः** 6:00 बजे से (श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर)

नोटः-तृतीया तिथि सुबह 10।00 बजे तक।

**गणगौर मिलान एवं विसर्जनः** अपराह्न 2:00 बजे से संध्या 6:00 बजे तक (श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर और विवेकानंद सरोवर)

**गणगौर मेला :** (स्वादिष्ट व्यंजनों के संग)

**स्थानः** महेश्वरी भवन, सेवा सदन पथ, अपर बाजार, रांची

**समयः** अपराह्न 3:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक

धन्यवाद
महेश्वरी मीडिया प्रभारी
अशोक साबू
रश्मि कोठारीमालपानी

# सतत विकास के लिए जैव प्रौद्योगिकी पर राष्ट्रीय सम्मेलन बीआईटी मेसरा में संपन्न

मेट्रो रेज

**रांची :** बीआईटी मेसरा रांची 70वें स्थापना वर्ष समारोह के तहत आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सतत विकास के लिए जैव प्रौद्योगिकी गहन विचार-विमर्श, वैज्ञानिक नवाचारों और अनुसंधान सहयोग के साथ संपन्न हुआ।

दूसरे दिन की मुख्य झलकियांः

दूसरे दिन सतत जैव प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों पर चर्चा हुई। डॉ अमित प्रसाद ने प्रतिरक्षा प्रणाली पर परजीवियों के प्रभाव को उजागर किया, जबकि डॉ भास्कर सिंह ने चौथी पीढ़ी के जैव ईंधन (बायोफ्यूल) की वकालत की। प्रो राजू पोद्दार ने एक नवीन गैर-संपर्क (नॉन-कॉन्टैक्ट) इमेजिंग तकनीक प्रस्तुत की, और डॉ जन्मजय पांडेय ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए सूक्ष्मजीवों (माइक्रोब्स) के समाधान पर चर्चा की। अन्य सत्रों में डॉ अरुण कुमार ने कैंसर अनुसंधान पर तथा डॉ रेणु मुंजाल ने सतत कृषि रणनीतियों पर प्रकाश डाला। प्रो। विनोद कुमार निगम ने औद्योगिक प्रक्रियाओं में सूक्ष्मजीवों से प्राप्त एंजाइमों के महत्व पर बल दिया।



### तीसरे दिन की गतिविधियां एवं वैज्ञानिक संगोष्ठी

अंतिम दिन में आयोजित वैज्ञानिक संगोष्ठी में पौधों की प्रतिरोध क्षमता, एंटीबायोटिक प्रतिरोध, जैव ईंधन उत्पादन, रेशम उत्पादन (सेरिकल्चर), बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) और बायोसिमिलर पर चर्चा की गई।

### प्रमुख वक्ताओं में शामिल थे

- ✔ प्रो कुमार (सीयूजे) : कैडमियम विषाक्तता (टॉक्सिसिटी) पर व्याख्यान।
- ✔ डॉ संजीत कुमार रॉय , क्षय रोग (टीबी) के लिए दवा डिजाइन पर चर्चा।
- ✔ प्रो प्रत्युष शुक्ला , जैव प्रौद्योगिकी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की भूमिका।
- ✔ डॉ एनबी चौधरी (सीटीआरटीआई, रांची) , तसर सेरिकल्चर पर व्याख्यान।

### सम्मेलन समापन एवं पुरस्कार वितरण

समापन सत्र की अध्यक्षता डॉ एनबी। चौधरी, प्रो कुणाल मुखोपाध्याय और प्रो मनीष कुमार ने की। उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कार वितरित किए गए। थर्मो फिशर द्वारा प्रायोजित इस सम्मेलन ने विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर अनुसंधान और ज्ञान–विनिमय को बढ़ावा दिया, जिससे जैव प्रौद्योगिकी के सतत विकास में योगदान को और सशक्त किया गया।

# क्योर इंटरनेशनल इंडिया ट्रस्ट व सीएमपीडीआई ने किया क्लबफुट के उपचार पर कार्यशाला

मेट्रो रेज

**रांची :** टेढ़े मेढ़े पैर वाले नवजात बच्चों के उपचार पर कार्यशाला का आयोजन रांची सदर अस्पताल के ऑडिटोरियम (8वें तल्ले ) पर संपन्न हुआ। इस कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन क्योर इंटरनेशनल इंडिया ट्रस्ट एवं सी एमपीडीआई के सहयोग से किया गया । इस प्रशिक्षण शिविर मे झारखंड राज्य के सभी जिले के सरकारी अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्योर इंटरनेशनल इंडिया ट्रस्ट के निदेशक डॉक्टर संतोष जोर्ज ने किया। मौके पर डॉक्टर बीरेंद्र सिंह नोडल पदाधिकारी,राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड,डॉ। मुजमिल फिरोज, डॉ।एस। अयान, डॉ। एनडी ।कच्छप, डॉ।विमलेश सिंह,छात्र क्लब चिकित्सक मंच(यूनिट,छात्र क्लब ग्रुप) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा,संरक्षक विजेता कुमारी,भगवा नारी सेना के अध्यक्ष



पिया बर्मन,संरक्षक वीणाश्री अतिथि आदि अतिथि के रूप मे मौजूद थे। कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर को डॉक्टर विनोती सेठ प्रोफेसर एंड यूनिट हेड हड्डी रोग विभाग,एलटीएमएमसीएंड जेनरल हॉस्पिटल सियोन,मुंबई एवं डॉक्टर कुमार शशिकांत, एसोसिएट प्रोफेसर पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, बिहार ने संबोधित किया।प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए डॉक्टर कुमार शशिकांत ने कहा जन्मजात टेढ़े मेढ़े पैर वाले बच्चों का इलाज बिना चीड़ फाड़ के संभव है। इसकी इलाज जितनी जल्द शुरू होगी उतनी ही जल्द ठीक हो जाता है। इस कार्यशाला में दोनों डॉक्टरों द्वारा विकलांग बच्चों के डेमो एवं जीवंत दोनों रूप से प्रशिक्षण दिया गया। कुछ बाहर से आए विकलांग बच्चों का उपचार करके भी दिखलाया गया। मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के निर्देशक डॉक्टर संतोष जॉर्ज ने कहां रांची रिम्स, सदर अस्पताल सहित पूरे भारतवर्ष में इसके क्लीनिक है बच्चों मे इस प्रकार की विकलांगता रहने पर रांची के निधि प्रिया (कॉर्डिनेटर)88000 20517 पर संपर्क कर सकते हैं। यह इलाज बिल्कुल निःशुल्क है।

आज के प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने में मुख्यरूप से नीरज कुमार, विनोद कुमार चौधरी, सुचिता लकड़ा, उषा कुमारी, मनीषा देवगम, बाहलेन तिर्की,माला पांडे व अन्य ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सिविल सर्जन ने रक्तवीरों के सम्मान में स्मृति चिन्ह का किया लोकार्पण

मेट्रो रेज

**रांचीः** सिविल सर्जन, रांची डॉ प्रभात कुमार ने स्वैच्छिक रक्तदान संगठन लहू बोलेगा रांची के अपील पर लहू बोलेगा के वार्षिक 3रे झारखंड राज्यस्तरीय उत्कृष्ट मानवीय सेवा में समर्पित व्यक्तित्व का रक्तवीर सह मानवीय सेवा सम्मान समारोह-2025 के स्मृति चिन्ह का लोकार्पण किया। जो सिविल सर्जन के कार्यालय में हुआ। रक्तवीर सह मानवीय सेवा सम्मान समारोह- 2025 रांची में अगले माह अप्रैल में आयोजित होगा।



सम्मान समारोह में झारखंड भर के उत्कृष्ट मानवीय सेवा में समर्पित व्यक्तित्व एवं संगठन को झारखंड के सम्मानित व्यक्तित्व के हाथों सम्मानित किया जाएगा। झारखंड राज्यस्तरीय 3रे रक्तवीर सह उत्कृष्ट मानवीय सेवा सम्मान समारोह-2025 की कैटेगरी रक्तवीर सम्मान/नियमित रक्तदाता सम्मान/रक्तदान शिविर आयोजक सम्मान/ रक्तदान संगठन/रक्तदान उत्प्रेरक/ ब्लड बैंक/ जनस्वास्थ्य सेवा/ महिलाधिकारों पर कार्यरत/ मानवधिकारों पर कार्यरत/ निःशुल्क भोजन आयोजक/ दिव्यांगजनों पर कार्यरत/पौधरोपण पर कार्यरत/पर्यावरणविद/आउटडोर खेल आयोजक/ जन विज्ञान शिक्षा पर कार्यरत/ अंधविश्वास के खिलाफ कार्यरत/नशा के खिलाफ कार्यरत /मानवीय सामाजिक चेतना/मानवीय सेवा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

# आइकेएस डिवीजन ने देश के 13 विवि में झारखंड राय विश्वविद्यालय को किया शामिल

मेट्रो रेज

**रांचीः** झारखंड राय विश्वविद्यालय, रांची में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के आईकेएस डिवीजन के निर्देश पर सिद्धांत नॉलेज फाउंडेशन (आईकेएस शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र) द्वारा एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन झारखंड राय विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो। (डॉ।) पीयूष रंजन ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यशाला को रांची विश्वविद्यालय के कुलपति की



ओएसडी डॉ।स्मृति सिंह , डोरंडा कॉलेज के प्राचार्य डॉ।राज कुमार शर्मा एवं झारखंड राय विश्वविद्यालय के डॉ।कुमार अमरेंद्र ने सम्बोधित किया। विदित हो कि तीनों विशेषज्ञ सिद्धांत नॉलेज फाउंडेशन के उन्नत प्रमाणित आईकेएस प्रशिक्षक हैं, जिन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और शिक्षा मंत्रालय द्वारा नियुक्त किया गया है। कार्यशाला के पहले सत्र को सम्बोधित करते हुए डॉ।स्मृति सिंह ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए उसके विविध आयामों पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा के सहारे ही भारत का विश्व गुरु बनने का सपना पूरा होगा। वहीं, कुमार अमरेंद्र ने पारंपरिक शोध पद्धति तंत्रयुक्ति पर अपने विचार रखे। कार्यशाला के दूसरे सत्र को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ।राज कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति और भारतीय ज्ञान परंपरा पर चर्चा बातें रखीं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को भारतीय ज्ञान परंपरा के बारे में गहरी समझ छात्रों को एक बेहतर और व्यापक शिक्षा प्रदान करने में सहायक होगी। इससे विद्यार्थियों को सफल और सार्थक जीवन जीने के लिए कौशल विचार प्राप्त होंगे। कार्यशाला में झारखंड के 16 कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से कुल 85 संकाय सदस्यों को नामित किया गया था। उन्हें शिक्षा मंत्रालय से प्रमाण पत्र प्राप्त होंगे।

# सरहुल पर विशेष : पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रकृति से प्रेम करना जरूरी

शिवा कच्छप

**प्रकृति** का दोहन करना सरहुल जैसे पवित्र पर्व का अपमान करने के समान है । हमे प्रकृति के प्रति वफादारी निभानी होगी और पुरा सम्मान देना होगा, तभी सरहुल पर्व के मुख्य उद्देश्यो की पूर्ति हो पाएगी, आदिवासी समाज प्रकृति प्रेमी है और इसलिए उनका जीवन का आधार पर्व - त्योहार प्रकृति पर आधारित है । प्रकृति पूजको का सबसे बड़ा त्योहार सरहुल पर्व है । यह फगुआ के बाद चैत महीने में मनाया जाता है। इसी समय सभी पेड़ - पौधे में कोपल्ले निकलने लगती है, साथ ही रंग-बिरंगे फूलो से पेड़ लदे रहते है, खासकर साल, पलास आदि वृक्ष फूलो से भरा रहता है । एक तरह से कहा जाए तो यह मुख्यता फुलो का त्योहार ही है। सरहुल आदिवासी समुदाय बाहा परब भी भी कहते है।



प्रकृति पूजन आदिवासी समुदाय इस त्योहार को बड़ी उत्सुकता और प्रकृति से अपने जीवन संबंधों को निरंतरता को जाहिर करने के लिए भी मनाते है । सरहुल पर्व सिर्फ धार्मिक दृष्टिकोण एवं प्राकृतिक दृष्टिकोण के उद्देश्य सिर्फ प्रकट नही करती है, जबकि यह सभी जनजातीय समूहो को एकता के सूत्रो में बांधने का भी काम करती है। सरहुल शोभायात्रा में 32 जनजातीय समुदाय एवं झारखंड के सदानो की एकता की झलक देखने को मिलती है। यही एकता और एक सूत्र में रहना ही हर झारखंडवासियो की शक्ति के रूप में है, यह एकता एवं एक सूत्र में बांधने का काम प्रकृति करती है । यदि पर्यावरण को सुरक्षित करना है तो प्रकृति से प्रेम करना होगा । जिस तरह आदिवासी धरती आकाश - सूर्य - सिंगबोंगा, पेड़ - पौधे - नदी - नाला को ही अपना सर्वस्व मानते है, और उन्ही की पूजा करते है, क्योकि वे जानते है कि इनके बिना जीवन की कल्पना नही की जा सकती है। साथ ही प्रकृति की पूजा करने वाले आदिवासीयो से भी प्रेम की भावना रखे और उनके धर्मों का सम्मान करे। ताकि आदिवासी और बढ़-चढ़कर प्रकृति को संरक्षित कर सके ।

ऊर्जा विभाग, झारखण्ड सरकार
विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2, धुर्वा, रॉची।

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/144/2024-25 दिनांक– 29/03/2025

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | रिम्स रॉची स्थित क्वार्टर, कॉलेज भवन, हॉस्टल, केली बंगला, 1 एवं 2, क्युनिटी हॉल, नये आडिटोरियम, पारामेडिकल कॉलेज, काउन्सिल कार्यालय, आवासीय क्वार्टर, नर्स क्वार्टर, ऑकोलोजी ब्लॉक के वार्षिक विद्युत सम्पोषण का कार्य। | 52,21,614=00 | 10,000=00 | 1,05,000=00 | एक वर्ष |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 11.04.2025 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 12.04.2025 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 19.04.2025 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 21.04.2025 को 3.30 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0/ई0 मेल | 0651–2490069/electricalexecutiveengineerewd@gmail.com | | | |

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।

PR 349569 (Energy) 24-25 (D)



# सिर्फ डॉक्टरों तक ही सीमित नहीं है मेडिकल क्षेत्र का दायरा

**मेडिकल क्षेत्र का दायरा सिर्फ डॉक्टरों तक ही सीमित नहीं है। इसका दायरा काफी व्यापक है। डॉक्टरों द्वारा मरीजों को देखने के बाद का काम पैरा-मेडिकल स्टाफ ही करता है। मरीजों के रोग की जांच, एक्स-रे, रेडियोग्राफी, अल्ट्रासाउंड आदि कार्यो को पैरा-मेडिकल स्टाफ ही अंजाम देता है।**

पैरा मेडिकल क्षेत्र के कई भाग हैं। इनमें से किसी भी क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल कर आप अपने करियर को बेहतर आयाम दे सकते हैं। वे क्षेत्र हैं–

**नर्सिंग**– पैरा–मेडिकल के अंतर्गत नर्सिंग एक प्रमुख पाठ्यक्रम है। नर्सिंग कोर्स करने के बाद प्रमुख काम डॉक्टरों की मदद करना, मरीजों की देखभाल करना, मरीजों को सही तरीके से और समय पर दवा देना आदि होता है।

**एक्स–रे टेक्नोलॉजी एंड रेडियोलॉजी** – इस कोर्स को करने के बाद छात्र मेडिकली क्वालिफाइड लोगों के साथ काम करते हैं। रोगों की पहचान के लिए किए जाने वाले एक्स–रे, अल्ट्रासाउंड, रेडियोग्राफी आदि टेस्ट करते हैं।

**मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी** – इस कोर्स को करने के बाद पैथोलॉजी या माइक्रोबायोलॉजी लैब में आसानी से काम मिल जाता है। इस कोर्स को करने के बाद छात्र बीमारियों के सही इलाज के लिए ब्लड, टिश्यू, यूरीन, स्टूल और बलगम आदि की जांच करते हैं।

**प्रॉस्थेटिक एंड ऑर्थोटिक इंजीनियरिंग** – इसमें प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्र मानव शरीर के क्षतिग्रस्त अंगों, हड्डियों के टूटने या खिसकने पर उनकी डिजाइन, ढांचा, बेल्ट, कमोड, नकली अंग आदि तैयार करते हैं।

**ऑप्टोमेट्री या ऑप्थैल्मिक टेक्नोलॉजी** – यह कोर्स करने वाले आंखों की बीमारी और उसके उपचार के लिए नेत्र रोग विशेषज्ञ की सहायता करते हैं। इस कोर्स का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद वे आंख की जांच, लेंस और ग्लास तैयार करने, मशीन चलाने, लेंस को सही आकार देने और लेंस में सही पावर डालने का काम करते हैं।

**फिजियोथेरेपी एंड ऑक्यूपेशनल थेरेपी**– फिजियोथेरेपी एंड ऑक्यूपेशनल थेरेपी का कोर्स करने वाले लोग मुख्यतः मानसिक और शारीरिक रूप से विकृत लोगों के उपचार एवं पुनर्वास का काम करते हैं। शारीरिक रूप से मरीजों के विकृत अंगों को सक्षम बनाने, मांसपेशियों को शक्तिशाली बनाने और उन्हें स्वस्थ करने का काम करते हैं।

**योग्यता** – दसवीं व बारहवीं के बाद यह कोर्स किए जा सकते हैं। यह कोर्स संस्थान पर निर्भर करता है कि वहां कौन से कोर्सेज उपलब्ध हैं। पैरा–मेडिकल में बैचलर डिग्री हासिल करने के लिए 12वीं पास होना जरूरी है। डिप्लोमा या बैचलर डिग्री पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए यह आवश्यक है कि आवेदक किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी विषय के साथ बारहवीं पास हो।



# करियर के लिए उभरता क्षेत्र है बायोमैकेनिक्स

**बायोलॉजी के स्टूडेंट्स आमतौर पर डॉक्टर बनने का ही सपना देखते हैं, लेकिन देश में इस कोर्स की अत्यंत सीमित सीटों के कारण बहुसंख्यक युवाओं का सपना पूरा नहीं हो पाता। लेकिन इसका मतलब यह कतई नहीं लगाया जाना चाहिए कि बायोलॉजी सब्जेक्ट की इसके अलावा कोई अन्य करियर उपयोगिता नहीं है। हाल के वर्षो में बायोइंफॉर्मेटिक्स, बायोफिजिक्स, बायो इंजीनियरिंग, बायोकैमिस्ट्री जैसे कई नए विषयों का अस्तित्व सामने आया है। इसी क्रम में सबसे उभरता हुआ नया विषय है बायोमैकेनिक्स का।**

## क्या है बायोमैकेनिक्स

बुनियादी रूप से इस विषय के अंतर्गत विभिन्न जैविक प्रणालियों के कार्यकलापों का मैकेनिक्स के सिद्धांतों के आधार पर अध्ययन किया जाता है। इन जैविक प्रणालियों में मानव, पशु, वनस्पति, अंग, कोशिका आदि शामिल हैं। यानी भौतिक शास्त्र की परिभाषाओं की नजर से प्राणियों और वनस्पतियों की संरचना एवं विभिन्न अंगों की कार्यप्रणालियों को समझने का प्रयास इसमें शामिल है। दुर्घटनाओं में अंग–भंग होने अथवा कृत्रिम अंगों के विकास एवं उत्पादन से जुड़े कार्यों में इस तरह की विशेषज्ञता वाले लोगों की जरूरत पड़ती है।

## एकेडेमिक बैकग्राउंड

इच्छुक युवाओं के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि उनके पास बायोलॉजी, इंजीनियरिंग अथवा सम्बद्ध विज्ञान की शाखाओं में कम से कम बैचलर्स डिग्री अवश्य हो।

## एप्टिटयूड

फिलहाल इस क्षेत्र में दुनिया भर में अनुसन्धान और शोध कार्यकलाप जारी है, इसलिए ऐसे युवा जो रिसर्च एंड डेवलपमेंट की चुनौतियों में संतुष्टि हासिल करना चाहते हैं, उनके लिए निस्संदेह यह आकर्षक करियर विकल्प हो सकता है। एक और महत्वपूर्ण बात यह कि बायोमैकेनिक्स एक इंटर डिसिप्लिनरी सब्जेक्ट है, इसलिए युवाओं की बायोलॉजी के साथ फिजिक्स, मैथ्स अथवा इंजीनियरिंग में रुचि होनी भी जरूरी है, तभी आगे बढ़ने के रास्ते खुल सकते हैं। मेहनती, सृजनात्मक और नई सोच में आस्था रखने वाले युवाओं के लिए यह चैलेंजिंग फील्ड कहा जा सकता है।

## स्पेशलाइजेशन

अन्य कार्यक्षेत्रों की तरह बायोमैकेनिक्स में भी विशेषज्ञता हासिल करने के कई तरह के अवसर हो सकते हैं। इनमें स्पोर्ट्स बायोमैकेनिक्स, बायो ट्रिबोलॉजी, कम्पेरेटिव बायो मैकेनिक्स, प्लांट बायोमैकेनिक्स,कम्प्युटेशनल बायोमैकेनिक्स, इंजरी बायोमैकेनिक्स आदि का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। इस तरह की विशेषज्ञता हासिल करने के लिए मास्टर्स अथवा पीएचडी स्तर के कोर्स करने जरूरी होते हैं।

## जॉब्स

बायोमैकेनिक्स का प्रयोग खासतौर पर ऑर्थोपेडिक इंडस्ट्री में कृत्रिम मानव अंगों के निर्माण, डेंटल पार्ट्स तैयार करने आदि में किया जाता है। दुनिया भर में यह इंडस्ट्री काफी तेजी से विकसित हो रही है। इस इंडस्ट्री के आर एंड डी विभागों के अलावा मैन्युफेक्चरिंग यूनिट्स में ऐसे ट्रेंड लोगों को नियुक्त किया जाता है। बायोट्रिबोलॉजी भी इसी की अन्य उपशाखा है, जिसमें ऐसे कृत्रिम अंगों को और उपयोगी एवं प्रभावी बनने के उद्देश्य से अनुसन्धान किये जाते हैं। इसके अलावा रोड एक्सीडेंट्स एवं स्पोर्ट्स से सम्बंधित दुर्घटनाओं की चिकित्सा से सम्बंधित स्पेशलाइज अस्पतालों में ऐसे विशेषज्ञों की सेवाएं काफी महत्वपूर्ण होती हैं। यही नहीं, यूनिवर्सिटी टीचिंग में भी अच्छा स्कोप हो सकता है। विभिन्न कारणों से विकलांग होने वाले लोगों की संख्या देश–दुनिया में बढ रही है। इसका नुकसान सिर्फ उनकी व्यक्तिगत उत्पादकता की हानि के तौर पर ही नहीं, बल्कि सामाजिक एवं आर्थिक हानि के रूप में भी देखा जाता है। इस कारण भी इस बहुमूल्य मानव संसाधन को दोबारा मुख्य धारा में शामिल करने के उद्देश्य से समूची दुनिया में बड़े पैमाने पर सरकारी और प्राइवेट सेक्टर द्वारा निवेश किया जा रहा है। एर्गोनॉमिक्स (मशक्कत में कमी करने पर आधारित विज्ञान) पर अनुसन्धान और शोध करने वाली संस्थाएं भी इस तरह के प्रशिक्षित लोगों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाती हैं।

इस फील्ड में सफल करियर बनाने के लिए यह आवश्यक है कि आप सैद्धांतिक ज्ञान के साथ–साथ व्यावहारिक अनुभव भी हासिल करें। इसके लिए फैकल्टी मेम्बर/सीनियर के असिस्टेंट के रूप में काम किया जा सकता है। यही नहीं, इस कार्यक्षेत्र से सम्बंधित किसी कम्पनी अथवा उसके आर एंड डी विभाग से भी पार्ट टाइम जुड़ा जा सकता है। बायोमैकेनिक्स की नेशनल और इंटरनेशनल सोसायटीज की मेम्बरशिप लेकर वर्कशॉप/सेमिनार/शॉर्ट टर्म कोर्स आदि अटेंड करने के अलावा इस क्षेत्र के प्रख्यात बायो मैकेनिक एक्सपर्ट्स से संपर्क बना कर रखा जा सकता है।

विदेशी संस्थानों द्वारा मास्टर्स तथा पीएचडी स्तर के कोर्सेज देश की चुनिंदा यूनिवर्सिटीज में संचालित किये जा रहे हैं। इन कोर्सेज में मास्टर्स ऑफ साइंस (स्पोर्ट्स बायोमैकेनिक्स)–तमिलनाडु फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, चेन्नई के अलावा तमाम प्राइवेट संस्थानों में इस तरह के कोर्सेज संचालित किये जाते हैं। इनके अलावा ऐसे विदेशी संस्थानों की संख्या भी कुछ कम नहीं है। यहां विदेशी संस्थानों द्वारा तमाम तरह के शॉर्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्सेज भी ऑनलाइन संचालित किये जाते हैं।





# करियर के लिए आइडियल ऑप्शन हो सकता है विजुअल मर्केंडाइजर

**विजुअल मर्केंडाइजर भी बूमिंग करियर में से एक है जिसकी डिमांड आने वाले दिनों में बढ़ती जाएगा। किसी भी करियर पाथ को कंसीडर करने से पहले जरूरी है कि हम उस फील्ड को और अपनी स्किल्स को मैच कर लें। जब बात विजुअल मर्केंडाइजर की आती है तो यह क्षेत्र उन छात्रों के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है जिनका डिजाइनिंग और रिटेल इंडस्ट्री में इंटरेस्ट हो। अगर आप भी ऐसे किसी करियर को अपनाना चाहते हैं तो विजुअल मर्केंडाइजर आपके लिए आइडियल ऑप्शन हो सकता है। जानते हैं इस क्षेत्र से जुड़ी कुछ जरूरी जानकारियां**

## कैसे बन सकते हैं विजुअल मर्केंडाइजर

विजुअल मर्केंडाइजर बनने के लिए प्रोफेशनल क्वॉलिफिकेशन बहुत जरूरी है। ऐसे कई संस्थान हैं जो विजुअल मर्केंडाइजिंग में डिप्लोमा और अंडरग्रेजुएट कोर्स ऑफर करते हैं। यह सभी कोर्सेस 12वीं के बाद किए जा सकते हैं।

## विजुअल मर्केंडाइजर की जॉब प्रोफाइल क्या होती है

विजुअल मर्केंडाइजर को मर्केंडाइज डिस्प्ले को–ऑर्डिनेटर के नाम से भी जाना जाता है। इनकी जिम्मेदारी होती है रिटेल स्टोर्स में अपने प्रोडक्ट की ऐसी स्ट्रैटेजिक प्लेसमेंट कला जो कस्टमर्स को आकर्षित करना और उन्हें प्रोडक्ट खरीदने के लिए एंकरेज करना। इस गोल को पूरा करने के लिए विजुअल मर्केंडाइजर में बेसिक रिटेल नॉलेज के साथ स्टाइल का सेंस भी होना चाहिए ताकि वह आकर्षक तरीकों से प्रोडक्ट को डिस्प्ले कर सकें।

## विजुअल मर्केंडाइजर बनने के लिए जरूरी स्किल्स

- स्केचिंग और कम्प्यूटर एडेड डिजाइन (कैड) स्किल्स
- कलर थ्योरी और डिजाइनिंग प्रिंसिपल्स की नॉलेज
- अपने प्रोडक्ट, स्टोर की ब्रांडिंग करना
- एम्प्लॉयर व कस्टमर की जरूरतों को समझना
- डिजाइन और रिटेल इंडस्ट्री के करंट ट्रेंड्स के साथ अपडेटेड रहना।

## जॉब अपॉर्च्युनिटीज

इस कोर्स को पूरी करने के बाद कैंडिडेट्स को इन प्लेसेज में जॉब मिल सकती है – नेशनल और इंटरनेशनल रिटेल स्टोर्स, एयरपोर्ट्स, म्यूजिशियन, इवेंट प्लानिंग और डिजाइनिंग कंपनीज में काम कर सकते। इस क्षेत्र में सेल्फ–एम्प्लॉइमेंट का स्कोप भी हैं। आप एक कंसल्टेंट के तौर पर अपना खुद का काम भी स्टार्ट कर सकते हैं।

## सैलेरी पैकेज

स्टार्टिंग सैलेरी तीन से चार लाख एनुअली तक होती है।






# एक कमरे से लेकर फैक्टरी स्तर तक आसानी से खड़ा किया जा सकता है अगरबत्ती उद्योग

**अगरबत्ती उद्योग एक ऐसा उद्यम है, जिसे कोई भी आसानी से कर सकता है। अगरबत्ती उद्योग घर के एक कमरे से लेकर फैक्टरी स्तर तक खड़ा किया जा सकता है। यह हर रोज की खपत वाला प्रोडक्ट है, इसलिए हर मौसम में इसकी मार्केटिंग वैल्यू बरकरार रहती है। यह उद्योग गांव से लेकर कस्बों और शहरों तक में स्थापित किया जा सकता है।**

**योग्यता**: पढ़े–लिखों के साथ मध्यम और कम शिक्षा प्राप्त लोग भी इस उद्योग में किस्मत आजमा सकते हैं।

**प्रवेश**: खादी ग्रामोद्योग में 200 रुपए का प्रवेश फॉर्म है। उसमें दिए प्रवेश फॉर्म के साथ एज प्रूफ की कॉपी और एक फोटो संलग्न करके जमा करें। एस़ सी, एस टी या मुस्लिम समुदाय को यह फॉर्म 100 रुपए प्रवेश शुल्क तथा अन्य पिछड़ा वर्ग या सामान्य वर्ग वालों को 100 रुपए प्रवेश शुल्क के अलावा 200 रुपए ट्रेनिंग शुल्क सहित जमा करना होगा।

**अवधि**: खादी ग्रामोद्योग में अगरबत्ती बनाने का ट्रेनिंग पीरियड सिर्फ 15 दिन है। कुछ प्राइवेट संस्थान एक सप्ताह से तीन महीने तक का प्रशिक्षण देते हैं।

**शुरुआत**: अगरबत्ती उद्योग गांव, कस्बे से लेकर छोटे–बड़े शहरों तक में सूक्ष्म, लघु और मध्यम तीनों स्तरों पर शुरू किया जा सकता है। यह काम 25 वर्ग गज के कमरे से लेकर एक हजार वर्ग गज जगह तक में स्थापित हो सकता है। इसकी शुरुआत 10 हजार से भी की जा सकती है। फैक्टरी स्तर पर काम करने के लिए आप लाखों में खेल सकते हैं।

**कच्चा माल**: कस्बों, शहरों के मुख्य बाजारों में कच्चा माल आसानी से मिल जाता है। दिल्ली में कच्चा माल सीलमपुर, सदर बाजार, तिलक बाजार में मिल जाता है। देश के अन्य शहरों में बेंगलुरू, मैसूर, कन्नौज, कानपुर, बरेली से कच्चा माल और बड़ोदरा, गुजरात में कच्चे माल के अलावा मशीनें भी मिलती हैं।

**क्या–क्या चाहिए**: अगरबत्ती बनाने के लिए बांस की तिल्ली, नरवा पाउडर, चारकोल पाउडर, जिगेट पाउडर, हर्बल पाउडर, सेंट पीपी बैग, अगरबत्ती बॉक्स, डीईपी कैमिकल आदि की जरूरत होती है। बिना सेंट वाली यानी प्राकृतिक खुशबू वाली अगरबत्ती बनाने के लिए गूगल, लोबान, मुश्क, कपूर, शुद्ध चंदन पाउडर, यारा यारा क्रिस्टल व अंबर क्रिस्टल आदि की आवश्यकता होगी।

**उपकरण**: लघु स्तर पर अगरबत्ती बनाने के लिए लकड़ी की डेस्क, पटला, लोहे की ट्रे, एल्युमीनियम के भगौने आदि की जरूरत होती है। फैक्ट्री स्तर पर कार्य करने के लिए मशीनें चाहिए। इन मशीनों में मिक्सिंग मशीन, रोलिंग मशीन, कटिंग मशीन, धूप कोन मशीन, ड्रायर आदि शामिल हैं।

**आमदनी** : अगरबत्ती उद्योग में काम करने वालों की संख्या तीन से सौ तक हो सकती है। यह उद्योग उत्पादन से लेकर मार्केटिंग तक परिश्रम की मांग करता है। इस काम में 10 से लेकर 50 प्रतिशत तक की आमदनी हो सकती है।

**ऋण**: खादी ग्रामोद्योग से ट्रेनिंग लेने वाले प्रवेश फॉर्म में दिए गए ऋण फॉर्म को पूरा भर कर उसी संस्थान या खादी बोर्ड या अपने एरिया की बैंक शाखा, जहां आपका खाता खुला हो, में जमा करें। प्राइवेट ट्रेनिंग लेकर भी आप निजी स्तर पर या प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत ऋण ले सकते हैं। खादी ग्रामोद्योग से ऋण लेने के लिए निम्न दस्तावेजों की जरूरत पड़ेगी–

- पासपोर्ट साइज के 2 फोटो।
- आवेदक की योग्यता के प्रमाण–पत्र की फोटो प्रतियां।
- तकनीकी योग्यता का प्रमाण–पत्र।
- अनुभव प्रमाण–पत्र की फोटो प्रति।
- राशन कार्ड, पहचान पत्र, बिजली बिल आदि।
- उद्योग शुरू करने वाली जगह की रजिस्ट्री की कॉपी। किराए की जमीन है तो किराया नामा और अगर आपके पिता, माता या भाई के नाम कोई जमीन है तो एनओसी।
- 20 रुपए के स्टांप पेपर पर नोटरी द्वारा जारी किया गया घोषणा पत्र।
- अगर इकाई ग्रामीण क्षेत्र में है तो खंड विकास अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र।
- उद्योग से संबंधित प्रोजेक्ट रिपोर्ट।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### बसंत सोरेन की इफ्तार पार्टी में काफी संख्या में रोजेदारों ने लिया भाग



**दुमका:** रमजान माह के अंतिम जुम्मे के दिन दुमका में स्थानीय विधायक बसंत सोरेन की ओर से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।जिसमें शिकारीपाड़ा के विधायक आलोक कुमार सोरेन के साथ काफी संख्या में रोजेदार शामिल हुए।
रमजान के अलविदा जुम्मा के अवसर पर दुमका के इंडोर स्टेडियम में स्थानीय विधायक बसंत सोरेन के द्वारा दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इसमें शिकारीपाड़ा के विधायक आलोक कुमार सोरेन के साथ जिले के सभी 10 प्रखंडों के सैकड़ों रोजेदारों ने शिरकत की। रोजा खोलने से पूर्व सभी रोजेदारों ने दुमका सहित पूरे झारखंड के लिए अमन-चैन और आपसी भाईचारा बना रहे इसके लिए अल्लाह से दुआ मांगी।
तय समय पर रोजेदारों ने खजूर के साथ कई तरह के पकवान, मिठाई, फलों के साथ रोजा खोला। खास बात यह थी कि इस मौके पर दुमका के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे , एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार के साथ प्रशासन और पुलिस के कई अधिकारी मौजूद थे। साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा के संगठन से जुड़े पदाधिकारी और सदस्यों ने भी भाग लिया। विधायक के निमंत्रण पर काफी संख्या में हिन्दू समुदाय के लोगों ने भी इफ्तार पार्टी में भाग लिया।
इस मौके पर दुमका विधायक बसंत सोरेन ने कहा कि इस रमजान माह के इस पवित्र अवसर पर हम सभी ने एक साथ इफ्तार किया। उन्होंने कहा कि आपसी सद्भाव और भाईचारे के इस त्योहार पर हम अपने तमाम मुस्लिम भाइयों को मुबारकबाद देते हैं। इधर पहली बार शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र से विधायक बने आलोक कुमार सोरेन ने कहा कि इफ्तारी का समय है। उन्होंने सभी मुस्लिम समाज के लोगों को रमजान की बधाई दी। हम आपको बता दें कि विधायक बसंत सोरेन ने कुछ दिन पूर्व होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया था। जिसमें काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया था।

### डंडे से पीट कर किया घायल

साहिबगंज : जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र छोटा पंचगढ़ झंडा मेला निवासी इंद्रजीत मंडल एवं उसकी पत्नी सावित्री देवी को बगल के रहने वाले विमल ,पिंटू सहित अन्य लोगों ने लाठी डंडा से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल इंद्रजीत मंडल एवं पत्नी सावित्री देवी शिकायत हेतु जिरवाबाड़ी थाना पहुंचे। घायल इंद्रजीत मंडल ने बताया कि बच्चे बच्चे में झगड़ा हो रहा था। इसी बात को लेकर विमल के घर बोलने गए । वही सभी लोगों ने मुझे और मेरी पति को मारपीट किया।

### पुलिस ने अपराधी को किया गिरफ्तार

**साहिबगंज :** जिरवाबाडी पुलिस ने दो गैर जमानती वारंटी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि जिरवाबाडी बड़ा तौफिर निवासी अमर मुंडा उर्फ अमीर मुंडा व राहुल अंसारी के विरुद्ध थाना में मामला दर्ज था। जिसमें यह लंबे समय से फरार चल रहा था ।गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी करते हुए गिरफ्तार किया है पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

### गंगा हमारी संस्कृति की आत्मा और जीवनरेखा है : डॉ रणजीत



**साहिबगंज :** नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय साहिबगंज में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन की जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने गंगा स्वच्छता की शपथ ली और जल स्त्रोतों के संरक्षण का संकल्प लिया,कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय परिसर के साथ-साथ संपूर्ण समाज में स्वच्छता और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। आयोजकों ने विद्यार्थियों को अपने घरों और समुदाय में स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया ताकि गंगा स्वच्छता अभियान को और गति मिल सके। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राज कपूर ने कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि गंगा हमारी संस्कृति की आत्मा और जीवनरेखा है। उन्होंने जल स्त्रोतों के अंधाधुंध दोहन को रोकने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने छात्रों को यह भी बताया कि गंगा की स्वच्छता हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए अत्यंत आवश्यक है।इस दौरान डॉ. रणजीत सिंह ने क्विज प्रतियोगिता आयोजित की, जिसके बाद सभी उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि लाखों लोगों की जीवनरेखा है, और इसे स्वच्छ बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है। मौके पर नमामि गंगे डीपीओ अमित मिश्रा, विद्यालय के शिक्षकगण संजीव कुमार, वेद प्रकाश शर्मा, बी. झा, बी.के. यादव, राजू कुमार गोंड, राजकुमार राम, जगदीश उपाध्याय, प्रिया कुमारी, मनसा उपाध्याय, मनोज कुमार सिंह, अभिलाष तिवारी, सुनील कुमार, पवन कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने गंगा को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखने का संकल्प लिया।

### पांच बसें जलकर हुई खाक

**बासुकीनाथ :** बासुकीनाथ बस स्टैंड में शनिवार की शाम को पांच बस जलकर खाक हो गई. मिली जानकारी के मुताबिक आग कैसे लगी इसकी अब तक पुष्टि नहीं हुई है. मामले की छानबीन की जा रही है.

### एग्जामिनेशन बोर्ड की बैठक संपन्न

**दुमक :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका में शनिवार को एग्जामिनेशन बोर्ड की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें राजभवन से अनुमोदित एजेंडों पर चर्चा कर छात्र हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। यह बैठक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में कुलपति सभागार में हुई। बैठक में सबसे महत्वपूर्ण निर्णय यूजी सत्र 2021-24 सहित सीबीसीएस के किसी भी सेमेस्टर में अनुतीर्ण या प्रमोटेड छात्रों को लेकर लिया गया। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय में 2022 से नई शिक्षा नीति के तहत यूजी पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं, और सीबीसीएस के तहत 2021-24 सत्र के छात्र अंतिम बैच थे। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सीबीसीएस के तहत सभी एनसीएल छात्रों की परीक्षा सेमेस्टर-1 से लेकर सेमेस्टर-6 तक एक साथ आयोजित की जाएगी। अब, यदि कोई छात्र सेमेस्टर-1 से लेकर 6 तक के किसी भी पेपर में अनुतीर्ण है, तो वह एक साथ परीक्षा देकर अपना यूजी कोर्स पूरा कर सकता है।

# नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा होती है : पंडित प्रमोद

### नववर्ष के पहले दिन की शुरूआत चैती नवरात्री मां दुर्गा की आराधना से शुरू



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** जिला सहित आसपास क्षेत्र में रविवार के पहले दिन मां दुर्गा के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा शुरू हो गया। वहीं शहर के सकरूगढ़ चैती दुर्गा मंदिर के अंदर कलश स्थापना के बाद पूजा अर्चना किया गया इस संदर्भ में पंडित प्रमोद ने बताया कि पर्वतराज हिमालय की पुत्री रूप में उत्पन्न होने के कारण इनका नाम शैलपुत्री रखा गया। पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष की कन्या थी।तब इनका नाम सती था। इनका विवाह शंकर जी से हुआ। प्रजापति दक्ष के यज्ञ में सती ने अपने शरीर को भस्म कर।अगले जन्म में शैलराज हिमालय के घर जन्म लिया। पार्वती और हैमवती भी उन्हीं के नाम हैं। नवदुगाओं में प्रथम शैलपुत्री का महत्व और शक्तियां अनंत हैं। नवरात्र पूजन में प्रथम दिन इन्हीं की पूजा होती है।

किस राशि के लिए शुभ है

यह मेष और वृश्चिक राशि के लिए शुभ है।लाल रंग के कपड़े पहनें इनकी पूजा करते समय लाल और गुलाबी रंग के कपड़े पहनें मां शैलपुत्री को लाल रंग बहुत प्रिय है। उन्हें लाल रंग की चुनरी, नारियल और मीठा पान भेंट करें।कौन सी मनोकामनाएं होती हैं। पूरी शैलपुत्री के पूजन से संतान वृद्धि और धन व ऐश्वर्य की शीघ्र प्राप्ति होती है। मां सर्व फलदायी हैं।चैत्र नवरात्रि पर आज पंचग्रही योग, कब, कैसे करें कलश दिन का महत्व है। नवदुगाओं में शैलपुत्री का सर्वाधिक महत्व है। पर्वतराज हिमालय के घर मां भगवती अवतरित हुईं।इसीलिए उनका नाम शैलपुत्री पड़ा। अगर जातक शैलपुत्री का ही पूजन करते हैं।तो उन्हें नौ देवियों की कृपा प्राप्त होती है।मां शैलपुत्री शुभकामना संदेश मां शैलपुत्री आपके और आपके परिवार के लिए खुशियां, समृद्धि और सफलता, सकारात्मकता लेकर आए।हिमालय की जो है। पुत्री, नाम है। शैलपुत्री कैलाशवासी से किया विवाह, सती था नाम, यज्ञ में हुई मां सती अपना शरीर भस्म किया था।मां शैलपुत्री आपके मां शैलपुत्री आपके जीवन को खुशियों, नई उमंग, धन, सफलता और शांति से भर दें। मां शैलपुत्री की शक्तियां अनंत हैं। उन्होंने कहा कि वहीं दूसरी ओर 30 मार्च को मां दुर्गा की आराधना के साथ शुरू होगा हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2082 घर घर लगाया जा रहा भगवा झंडा हिन्दू नववर्ष का शुभारंभ चैत्र मास के शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि यानी कल होगा। हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2082 का शुरूआत 30 मार्च को होगा। हिन्दू कैलेंडर विक्रम संवत की शुरूआत 57 ईसा पूर्व में हुई थी। हिन्दू कैलेंडर विक्रम संवत, सूर्य और चंद्र की गति के आधार पर चलता है। हिन्दू नववर्ष के पहले दिन की शुरूआत चैती नवरात्री, मां दुर्गा की आराधना से शुरू हो गया।हिन्दू नववर्ष के पहले सप्ताह में ही मां दुर्गा, चैती छठ पूजा, प्रभु श्रीराम व बजरंगबली की पूजा श्रीरामनवमी, चैती दुर्गा पूजा से होता है। विक्रम संवत हिन्दुस्तान के साथ साथ नेपाल का भी आधिकारिक कैलेंडर है। हिन्दुस्तान में नए वित्तीय वर्ष सरकारी कार्य की शुरूआत एक अप्रैल से होती है। वही हिन्दू नया साल आने की खुशी ओर मां दुर्गा की आराधना को लेकर सनातन धर्म के लोग अपने घरों में भगवा झंडा खुशी में लगा रहे है। हिन्दू नववर्ष के दिन हिन्दू धर्म के लोग सुबह स्नान करके पूजा पाठ करके सात्विक भोजन करके हिन्दू नववर्ष मनाएंगे। जबकि चैती दुर्गा पूजा समिति सकरूगढ के अध्यक्ष सहित सदस्य अपने कार्य में लगे नजर आऐ ।

## दो देसी कट्टा सात जिंदा कारतूस के साथ अपराधी गिरफ्तार



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** अपराधी सुनील कुमार यादव उर्फ नुनवा एवं तालु सोरेन को पुलिस की टीम ने दो देसी कट्टा सात जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। इस मामले की जानकारी राजमहल एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी ने गंगा नदी थाना में प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि एसपी अमित कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली कि एक अपराधी सुनील यादव उर्फ नूनवा महादेवगंज निवासी अपने सहयोगियों के साथ रामपुर टोपरा दियारा में हवे हथियार से लैस होकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। सूचना के आलोक में एसपी ने एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया। छापेमारी दल ने रामपुर टोपरा दियारा में त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। छापेमारी के दौरान नुनवा व उसका सहयोगी तालु सोरेन को अवैध देसी पिस्टल एवं गोली के साथ सफलता पूर्वक गिरफ्तार कर लिया गया। बताएं कि अपराधी नुनवा के पकड़े जाने से मुफस्सिल थाना जिरवाबाडी थाना और गंगा नदी थाना के कई कंडों का उद्भेदन हुआ है ।नुनवा पर रंगदारी हत्या एवं अवैध वसूली से संबंधित मुफस्सिल थाना में नौ मामले दर्ज थे इसके अलावा जिरवाबाडी थाना में भी एक मामला दर्ज था। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान
प्रशिक्षु डीएसपी रूपक कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर राजीव रंजन एवं छापेमारी दाल में मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार गंगा नदी थाना प्रभारी लव कुमार,एसआई बृजेश कुमार ददन कुमार शाह के अलावा पुलिस बल चूड़का हेंब्रम, सदानंद राम सुदर्शन महत्व जितेंद्र यादव सूरजमुर सुजित यादव खीस्त ओमेगा पूर्ति सामिल थे।

## पेयजल से संबंधित आवेदनों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए : उपायुक्त



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ बैठक कर पिछले एक माह में प्रखंड स्तर पर आयोजित जनता दरबार मे प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की। जिले के सभी प्रखंडों में जनता दरबार का आयोजन कर आमजनों से आवेदन प्राप्त किये गए।इस दौरान कई आवेदनों का निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया।पिछले 1 माह में सभी 10 प्रखंडों से कुल 7618 आवेदन प्राप्त हुए।इनमें 4876 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया है।1865 आवेदन प्रक्रियाधीन है।525 आवेदन लंबित है एवं 335 आवेदनों को अस्वीकृत कर दिया गया है। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार में अधिक से अधिक आवेदन सृजित किये जायें तथा उनका निष्पादन नियमानुसार ढंग से जल्द से जल्द किया जाय ताकि आमजनों को कठिनाई नहीं हो,आमजनों को सरकारी ऑफिस बार बार नहीं आना पड़े इसका ध्यान रखा जाय।कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए पेयजल से संबंधित आवेदनों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जाय।पेयजल की समस्या आमजनों को नहीं हो इसका विशेष ध्यान रखा जाय।पंचायत स्तर पर आमजनों की समस्या को दूर करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाय।कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से हर एक सुयोग्य लाभुकों को आच्छादित किया जाय।

## न्यायाधीश ने किया मंडल कारा का औचक निरीक्षण



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार ने मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया एवं बंदियों से मिले। न्यायाधीश ने कारागार के प्रत्येक बैरक में पहुंचकर बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा न होने की जानकारी ली। स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए न्यायाधीश ने बंदियों केशौचालयों की साफ सफाई का निर्देश दिया। कारागार में निरुद्ध बीमार बंदियों के बेहतर इलाज के लिए उन्होंने कारा कर्मियों को निर्देश दिया।वहीं शिक्षापरक रोजगारपरक शिविरों का आयोजन कराकर उन्हें प्रशिक्षित किए जाने का निर्देश कारा अधीक्षक को दिया। महिला बैरक में निरुद्ध महिला बंदियों से मुलाकात कर न्यायाधीश ने उनकी समस्याओं को सुना। न्यायाधीश ने चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय, रसोई घर वहाँ तैयार हो रहे।भोजन, सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बंदियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा।उन्होंने जेल प्रशासन को बंदियों को नियमानुसार सुविधाएं मुहैया कराने जेल अधिकारियों को उनके कर्तव्य का समुचित रूप से पालन करने का निर्देश दिया।जेल मैनुअल के तहत मिलने वाली सारी सुविधाएं बंदियों को उपलब्ध कराने का आदेश जेल प्रशासन को दिया और कहा कि इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं की जानी चाहिए। निरीक्षण में उनके साथ का जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत, कारा अधीक्षक चंद्रशेखर सुमन,लीगल एड डिफेंस काउंसिल सह न्याय रक्षक अरविंद गोयल उनकी टीम उपस्थित थे।

### विश्वविद्यालय ने किया कंपनी के साथ समझौता



**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका ने शनिवार को हजारीबाग की कमांडो कंपनी के साथ मैनपावर सप्लाई के लिए एक समझौता किया। इस समझौते के तहत 1 अप्रैल 2025से कमांडो कंपनी विश्वविद्यालय में सिक्योरिटी गार्ड, कुक, हाउसकीपिंग, सफाईकर्मी, माली आदि की सेवाएं प्रदान करेगी। यह समझौता एक वर्ष के लिए किया गया है। विश्वविद्यालय ने जेम पोर्टल के माध्यम से बिडिंग प्रक्रिया के आधार पर इस कंपनी का चयन किया। जेम पोर्टल पर कुल 56 कंपनियों ने भाग लिया था, जिनमें से कमांडो कंपनी का चयन किया गया।
इससे पहले, विश्वविद्यालय में मेशर्स शिवलाल कंपनी द्वारा यह सेवाएं प्रदान की जा रही थीं। समझौते के इस अवसर पर कमांडो कंपनी के मैनेजर शिवकांत मिश्रा मौजूद थे, जबकि विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार, वित्त पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार सिन्हा, और सीसीडीसी डॉ. अब्दुस सत्तर भी उपस्थित थे।

## देवघर में मोटे अनाज की खेती के लिए सरकार करेगी प्रोत्साहित



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**देवघर:** झारखंड में आए दिन किसानों को कई तरह की समस्या से दो-चार होना पड़ता है। इन्हीं समस्या को दूर करने के लिए झारखंड सरकार किसानों के लिए विभिन्न योजनाओं को धरातल पर लाती है। ताकि लोगों तक भोजन पहुंचाने वाले अन्नदाता के चेहरे पर खुशियां बनी रहे। किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत और सबल बनाने के लिए झारखंड स्टेट मिलेट योजना लाई गई है। जिसके तहत राज्य के किसानों को मोटे अनाज की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
झारखंड सरकार द्वारा लाई गई योजना का नाम मिलेट मिशन योजना भी रखा गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य यह है कि किसानों की खेती में गुणवत्ता बढ़े और उनकी आय में वृद्धि हो सके। देवघर के किसानों को इस योजना का लाभ देने के लिए जिला कृषि कार्यालय की तरफ से कई प्रयास किए जा रहे हैं।
देवघर के जिला कृषि पदाधिकारी यशराज कुमार बताते हैं कि मोटे अनाज की खेती के लिए किसानों को समय-समय पर प्रशिक्षण भी दिया जाता है। अनाज की गुणवत्ता और मोटे अनाजों की खेती को बढ़ाने के लिए प्रत्येक किसानों को प्रति एकड़ तीन हजार रूपए के हिसाब से मदद भी की जाती है। अब तक करीब जिले के सौ से ज्यादा किसानों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है।
कृषि पदाधिकारी यशराज कुमार ने बताया कि मोटे अनाज की खेती धीरे-धीरे विलुप्त हो रही है। जबकि झारखंड जैसे प्रदेश में मोटे अनाज की खेती को पारंपरिक खेती के रूप में भी जाना जाता है। उन्होंने बताया कि आज की तारीख में लोग ऐसे अनाज का सेवन कर रहे हैं जो कहीं ना कहीं रसायनिक है। ऐसे अनाज लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक भी होते हैं। लेकिन मोटे अनाज लोगों के स्वास्थ्य को ठीक करता है और इस अनाज का सेवन प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए।
जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि झारखंड जैसे प्रदेश में मोटे अनाज की खेती सबसे उत्तम है। क्योंकि मोटे अनाज की खेती में पानी की खपत काफी कम होती है। झारखंड में पानी की किल्लत को देखते हुए किसानों को मोटे अनाज की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।
जिला कृषि पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मोटे अनाज की खेती के लिए राज्य स्तर पर सभी जिले के कृषि कार्यालय में बीज का वितरण भी किया जाता है।
मालूम हो कि झारखंड जैसे प्रदेशों से मोटे अनाज की खेती काफी कम हो रही है। ऐसे में राज्य सरकार एवं जिला कृषि पदाधिकारी लगातार किसानों को प्रोत्साहित करने में जुटे हैं। ताकि अनाज की गुणवत्ता के साथ-साथ किसानों की आय में भी वृद्धि हो सके। मोटे अनाज की खेती के लिए किसानों को ज्वार, बाजरा, मक्का और रागी जैसे फसल के उत्पादन के लिए उन्हें ट्रेनिंग दी जा रही है। जिससे झारखंड में ज्यादा से ज्यादा किसान मोटे अनाज की खेती कर सके।

# ऐश्वर्या राय को दोस्त मानती हैं जया बच्चन

## मैं ऐश्वर्या के साथ बिल्कुल स्ट्रिक्ट नहीं हूं- जया



जया बच्चन से एक बार पुराने इंटरव्यू में फैशन डिजाइनर अबू जानी और संदीप खोसला ने पूछा था कि क्या वह ऐश्वर्या के साथ स्ट्रिक्ट हैं? इस सवाल का जवाब देते हुए जया ने कहा था- 'वह मेरी बेटी नहीं है, वह मेरी बहू है। मुझे उसके साथ स्ट्रिक्ट क्यों होना चाहिए? मुझे यकीन है कि उसकी मां उसके साथ स्ट्रिक्ट होंगी। एक बेटी और बहू के बीच फर्क होता है। मुझे नहीं पता क्यों, लेकिन आपको नहीं लगता कि आपको अपने माता-पिता की इज्जत करना जरूरी नहीं है। एक बेटी के रूप में, आप अपने माता-पिता को ग्रांटेड ले सकते हो। लेकिन अपने ससुराल वालों के साथ आप ऐसा नहीं कर सकते।' जया बच्चन ने अमिताभ और ऐश्वर्या के बॉन्ड को लेकर भी बात की थी। उन्होंने कहा था, 'अमित जी, ऐश्वर्या को श्वेता की तरह ही मानते हैं। वैसे ही ट्रीट करते हैं जैसे वह श्वेता को करते हैं। वह जैसे ही ऐश्वर्या को देखते हैं, ऐसा लगता है जैसे वह श्वेता को घर आते हुए देख रहे हैं। उनकी आंखें चमक उठती हैं। वह अमित जी के उस खालीपन को भर देती है, जो श्वेता के न होने से होता है। हम आज भी यह नहीं सोच पाते कि श्वेता अब फैमिली में नहीं है। हमारे लिए इसको मान लेना बहुत मुश्किल है।

जया बच्चन और उनकी बहू ऐश्वर्या साथ में बहुत कम नजर आते हैं। जिसके कारण यह भी रूमर्स है कि दोनों के बीच बनती नहीं है। हालांकि, जया ने कई बार ऐश्वर्या और अपने रिश्ते को लेकर बात कर चुकी हैं। एक बार उन्होंने कहा था कि ऐश्वर्या उनकी दोस्त हैं। जया बच्चन ने एक पुराने इंटरव्यू में अपनी बहू ऐश्वर्या राय के साथ अपने बॉन्ड पर बात की थी। इस दौरान जया बच्चन ने कहा था, 'वह मेरी दोस्त है। अगर मुझे उसकी कोई बात पसंद नहीं आती है, तो मैं उसे उसके सामने ही बता देती हूं। मैं उसकी पीठ पीछे पॉलिटिक्स नहीं करती। इसी तरह अगर उसे मेरी कोई बात अच्छी नहीं लगती तो वह मेरे सामने आकर उस बात का जिक्र कर देती है। इसमें फर्क सिर्फ इतना है कि मैं थोड़ा ज्यादा ड्रामेटिक हो सकती हूं। लेकिन उसे थोड़ा ज्यादा रिस्पेक्टफुल होना होगा। मैं बूढ़ी हूं न इसलिए, बस इतना ही है।'





## जब श्वेता तिवारी ने खोला अपने दूसरे पति का कच्चा चिट्ठा

**➤ तलाक देने के बाद किया था....**

दूसरा तलाक होने के बाद श्वेता तिवारी बुरी तरह से टूट गईं थीं. इस दौरान श्वेता तिवारी ने मीडिया के आगे अपने दूसरे पति की पोलपट्टी खोलकर रख दी थी.

टीवी अदाकारा श्वेता तिवारी की जिंदगी में दर्द की कोई कमी नहीं है. 2 तलाक का सामना करने के बाद अब श्वेता तिवारी जिंदगी में आगे बढ़ चुकी हैं. हालांकि अपनी शादी को पूरा तरह से खत्म करे से पहले श्वेता तिवारी ने अपने पतियों की अच्छे से पोल खोल डाली थी. एक समय था जब श्वेता तिवारी के दूसरे तलाक की खबरें आम हो गई थीं. लोग श्वेता तिवारी को लगातार कोस रहे थे, ऐसे में श्वेता तिवारी ने बिना देर किए मीडिया के सामने अपने दूसरे पति अभिव कोहली का कच्छा चिट्ठा खोलकर रख दिया था.

इस दौरान श्वेता तिवारी ने अभिनव पर कई गंभीर आरोप लगाए थे. एक इंटरव्यू में श्वेता तिवारी ने कहा था, मेरे बेटे ने जरा सी उम्र में मुझे पिटते हुए देखा है. मेरा बेटा जानता है कि पुलिस और कोर्ट क्या होता है. आगे श्वेता तिवारी ने कहा था, ये कोई उम्र नहीं होती है कि बच्चे को पुलिस और कोर्ट के बारे में पता हो. मेरे बच्चे को स्कूल में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता था. श्वेता तिवारी ने आगे कहा, मेरे बेटे को लोग कोने में लेजाकर अजीब अजीब सवाल करते हैं. लोग पूछते हैं कि क्या तुम्हारे पापा घर आते हैं या फिर नहीं... श्वेता तिवारी ने आगे कहा, अभिनव मेरी बेटी के साथ बदतमीजी करता था. अभिनव ने मेरी बेटी को गंदी वीडियोज दिखाने की कोशिश की थी. श्वेता तिवारी आगे बताया था, मेरे बच्चे मुझसे कुछ कह नहीं पाते हैं लेकिन वो बहुत कुछ देख रहे हैं. इसकी जिम्मेदार मैं नहीं हूं. ये बात सोचकर मुझे तकलीफ होती है.

## शनाया कपूर के हाथ लगी करण की बड़ी फिल्म



शनाया कपूर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म आंखों की गुस्ताखियां को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस फिल्म में शनाया के साथ विक्रांत मैसी नजर आएंगी। वहीं अब शनाया के हाथ करण जौहर की एक बड़ी फिल्म लगी है और इसके साथ ही वह अभय वर्मा के साथ एक फिल्म में नजर आएंगी। शनाया कपूर अपनी पहली फिल्म की रिलीज से पहले ही कई बड़े प्रोजेक्ट्स से जुड़ चुकी हैं। इस लिस्ट मे करण जौहर की रोमांटिक ड्रामा फिल्म के अलावा मुंजा स्टार अभय वर्मा के साथ भी एक फिल्म शामिल है।

### शनाया के हाथ लगी करण की बड़ी फिल्म

न्यूज 18 की एक खबर के मुताबिक शनाया कपूर स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 में नजर आएंगी। इस फिल्म में शनाया एक नहीं बल्कि डबल रोल निभाती नजर आएंगी। करण के इस बड़े प्रोजेक्ट के अलावा शनाया मुंजा स्टार अभय वर्मा के साथ भी एक फिल्म में नजर आएंगी।

### शनाया की तारीफ कर रहें हैं फैंस

सोशल मीडिया पर शनाया के फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। कुछ फैंस का मानना है कि वह सबसे अलग और स्मार्ट तरीके से काम कर रही हैं। तो वहीं कुछ फैंस का कहना है कि वह अपनी कजिन सिस्टर जान्हवी और खुशी से भी आगे निकल सकती हैं।

### फिल्मी बैकग्राउंड से हैं शनाया कपूर

शनाया कपूर बॉलीवुड अभिनेता संजय कपूर की बेटी और महीप कपूर की बेटी हैं। संजय कपूर कई बॉलीवुड फिल्मों में बतौर हीरो अपनी छाप छोड़ चुके हैं। वहीं महीप को आपने सिंगर इला अरुण के प्रसिद्ध गाने निगोड़ी कैसी जवानी है में देखा होगा। महीप का करियर कुछ खास नही रहा, लेकिन अब उनकी बेटी शनाया कई फिल्मों में नजर आने वाली हैं।

## सिकंदर के बाद इस फिल्म से गदर मचाएंगे सलमान खान



बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान अपनी अपकमिंग फिल्म सिकंदर की रिलीज को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं. मूवी ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी. एआर मुरुगादॉस की ओर से निर्देशित इस फिल्म में जबरदस्त एक्शन के साथ भरपूर ड्रामा दर्शकों को देखने को मिलेगा. हालांकि मसाला एंटरटेनर के बाद भाईजान संजय दत्त के साथ एक एक्साइटिंग प्रोजेक्ट में नजर आएंगे. सलमान ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया, मैं सिकंदर के बाद एक और बड़ी एक्शन फिल्म कर रहा हूं. वहां एक्शन एक अलग ही लेवल पर होगा, जो दर्शकों को देखने में मजा आएगा. मूवी के बारे में ज्यादा अपडेट्स देते हुए एक्टर ने कहा कि यह फिल्म मैं इंडस्ट्री में अपने बड़े भाईज्संजय दत्त के साथ कर रहा हूं. अपनी प्रोजेस्ट्स को लेकर बात करते हुए सलमान ने यह भी बताया कि क्या वह सोराज बड़जात्या के साथ फिल्म कर रहे हैं. अभिनेता ने कहा, यह तब होगा जब वह अपनी पिछली फिल्म की शूटिंग पूरी कर लेंगे. बड़जात्या वर्तमान में आयुष्मान खुराना संग एक मूवी में काम कर रहे हैं.

### क्या जवान डायरेक्टर संग फिल्म करेंगे सलमान खान

सिकंदर के बाद सलमान खान के जवान डायरेक्टर एटली के साथ काम करने की अफवाह थी. हालांकि बाद में कहा गया कि यह मूवी किसी कारण से पोस्टपोन हो गई है. सलमान खान ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा, एटली ने एक बहुत बड़े बजट की एक्शन फिल्म लिखी है. हालांकि बजट की वजह से इसमें देरी हो रही है.

## आईपीएल 2025 : मुंबई की लगातार दूसरी हार, गुजरात ने 36 रन से दी पटखनी

एजेंसी

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का 9वां मुकाबला गुजरात टाइटंस और मुंबई के बीच खेला गया। मैच को गुजरात की टीम ने 36 रन से जीत लिया। इस मैच में हार्दिक पंड्या ने टॉस जीता है और मुंबई की टीम पहले बॉलिंग करने उतरी। जवाब में गुजरात की टीम ने बोर्ड पर 196 रन लगाए। चेज करते हुए मुंबई की टीम सिर्फ 160 रन बना पाई।



गुजरात टाइटंस की ओर से मिले 197 रन के लक्ष्य पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम के दोनों सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और रियान रिक्लेटोन का विकेट जल्दी गिर गया। इसके बाद तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव ने तीसरे विकेट के लिए 62 रन जोड़कर कुछ वापसी की कोशिश की, लेकिन इन दोनों के आउट होने के बाद मुंबई की पारी लड़खड़ा गई। मुंबई की यह दूसरी हार है और वह आईपीएल 2025 में अब तक जीत का खाता नहीं खोल सकी है। मुंबई के लिए कप्तान हार्दिक पांड्या ने 11, रोहित शर्मा ने आठ, रिक्लेटोन ने छह और रॉबिन मिंज ने तीन रन बनाए। इसके अलावा नमन धीर और मिचेल सैंटनर 18-18 रन बनाकर नाबाद लौटे। गुजरात की ओर से मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने दो-दो विकेट लिए, जबकि कैगिसो रबाडा और आर साई किशोर को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए गुजरात ने 20 ओवर में 196 ररन का स्कोर खड़ा किया। गुजरात को शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने अच्छी शुरूआत दिलाई और दोनों ने पहले विकेट के लिए 78 रन जोड़े। गिल 27 गेंदों पर 38 रन बनाकर आउट हुए। गिल के आउट होने के बाद जोस बटलर ने सुदर्शन के साथ मिलकर 51 रन जोड़े, लेकिन वह 39 रन बनाकर पवेलियन लौटे। सुदर्शन ने इसके बाद आईपीएल करियर का अपना आठवां अर्धशतक पूरा किया। सुदर्शन के 41 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 63 रन की पारी खेली। इसके अलावा, गुजरात के लिए शेरफाने रदरफोर्ड ने 18 रन, शाहरुख खान ने नौ रन, राशिद खान ने छह और आर साई किशोर ने एक रन बनाए, जबकि कैगिसो रबाडा सात रन बनाकर नाबाद लौटे।

## सुनील नारायण पूरी तरह फिट, केकेआर के अगले मुकाबले में खेलने को तैयार

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्टार ऑलराउंडर सुनील नारायण की चोट को लेकर उठ रही सभी अटकलों पर विराम लग गया है। केकेआर टीम मैनेजमेंट ने पुष्टि की है कि नारायण पूरी तरह फिट हैं और अगले मुकाबले के लिए प्रैक्टिस कर रहे हैं। बीते मैच में नारायण की अनुपस्थिति के बाद कयास लग रहे थे कि क्या अब वो आगे के मुकाबले खेल पाएंगे या नहीं। ऐसे में केकेआर मैनेजमेंट ने आधिकारिक बयान जारी कर स्पष्ट कर दिया है कि नारायण को लेकर कोई चिंता की बात नहीं है। वह मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टीम के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं और मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले आगामी मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सुनील नारायण केकेआर के लिए बेहद अहम खिलाड़ी माने जाते हैं। वह न केवल अपनी फिरकी गेंदबाजी से बल्लेबाजों को चकमा देने में माहिर हैं, बल्कि शीर्ष क्रम में तेजतर्रार बल्लेबाजी भी कर सकते हैं। उनकी मौजूदगी से केकेआर की टीम को संतुलन मिलता है। आईपीएल 2025 में केकेआर ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है और टीम को सुनील नारायण जैसे अनुभवी खिलाड़ी की सेवाओं की सख्त जरूरत होगी। फैंस के लिए यह बड़ी राहत की खबर है कि नारायण फिट होकर मैदान पर वापसी कर रहे हैं। टीम मैनेजमेंट ने भी उनके कौशल और फिटनेस को लेकर पूरा भरोसा जताया है।




## श्रेयस तलपड़े के खिलाफ FIR



बॉलीवुड एक्टर श्रेयस तलपड़े और 14 लोगों के खिलाफ यूपी में धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ है। आरोप करोड़ों रुपये के चिटफंड घोटाले से जुड़ा हुआ है। इससे पहले भी श्रेयस पर ठगी के आरोप लगे थे। एजेंट ने गांववालों को निशाना बनाया और जब सवाल उठे तो वो गायब हो गए। बॉलीवुड एक्टर श्रेयस तलपड़े को नई कानूनी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उत्तर प्रदेश में उनके और 14 अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का एक नया मामला दर्ज किया गया है। आरोप करोड़ों रुपये के चिटफंड घोटाले से जुड़े हैं, जो कथित तौर पर एक दशक से ज्यादा समय से महोबा जिले में चल रहा था। श्रेयस तलपड़े और अन्य आरोपी कथित तौर पर लोनी अर्बन मल्टीस्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड नामक एक कंपनी से जुड़े थे, जो निवेश पर उच्च रिटर्न का वादा करके ग्रामीणों को निशाना बनाती थी। कहा जाता है कि कंपनी के एजेंटों ने स्थानीय लोगों से बड़ी रकम एकत्र की थी, उन्हें यह दावा करके लालच दिया था कि उनका निवेश कुछ ही समय में दोगुना हो जाएगा।

### महोबा में मामला हुआ दर्ज

हालांकि, जब इस योजना को लेकर कानूनी सवाल उठने लगे, तो एजेंटों ने कथित तौर पर अपना काम बंद कर दिया और जिले से गायब हो गए। अब महोबा के श्रीनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है और अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्टुअर्ट लॉ बने नेपाल क्रिकेट टीम के हेड कोच

**नई दिल्ली।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी स्टुअर्ट लॉ को अगले 2 वर्षों के लिए नेपाल पुरुष क्रिकेट टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया है। नेपाल क्रिकेट एसोसिएशन (सीएएन) ने इसकी जानकारी दी है। लॉ से पहले मोंटी देसाई नेपाल टीम के कोच थे। उनका कार्यकाल इस साल फरवरी में समाप्त हो गया था। नेपाल क्रिकेट एसोसिएशन ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज स्टुअर्ट लॉ अगले दो वर्षों के लिए नेपाल पुरुष राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की कमान संभालेंगे। 56 साल के स्टुअर्ट लॉ ने ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए वर्ष 1994 से 1999 के बीच क्रिकेट खेला। उन्होंने एक टेस्ट और 54 वनडे मैच खेले, जिसमें 1291 रन बनाए और 12 विकेट अपने नाम किए। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद उन्होंने कोचिंग की दुनिया में कदम रखा। उनके पास कोचिंग का काफी अनुभव हो चुका है। वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका, श्रीलंका, बांग्लादेश, वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के साथ काम कर चुके हैं। पिछले साल उनकी कोचिंग में अमेरिका टीम ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। घरेलू धरती पर खेले गए टूनार्मेंट में यूएसए ने ग्रुप चरण में अपने शुरूआती मैच में कनाडा को हराया। इसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ एक ऐतिहासिक जीत दर्ज की। इससे वे सुपर आठ चरण में पहुंचने में कामयाब रहे थे।



# नवरात्र के प्रथम दिन देवी मंदिरों में भक्तों की उमड़ी भीड़, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

एजेंसी

**प्रयागराज।** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन शहर के सभी देवी मंदिरों में रविवार सुबह से ही पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। भक्तों की सुरक्षा के मद्देनजर मंदिर प्रबंधन तंत्र एवं पुलिस प्रशासन ने पूरी तैयारी के साथ लगा हुआ है।

प्रयागराज की प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां अलोप शंकरी देवी के पुजारी विकास मिश्र ने बताया कि नवरात्र के शुभ अवसर पर मां के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ आती है।



भीड़ नियंत्रित करने के लिए मंदिर परिसर के अन्दर एवं मंदिर परिसर के बाहर पूरी तैयारी कर ली गई है। मंदिर में भक्तों के प्रवेश द्वार एवं निकास द्वार के लिए बैरीकेटिंग लगाई गई है।

विकास मिश्रा ने बताया कि नवरात्र के प्रथम दिन रविवार को 3.30 बजे मंदिर खुल गया और विधिवत साफ–सफाई एवं आरती के बाद भक्तों के लिए मंदिर का पट खोल दिया गया है। इसके बाद सुबह 5 बजे से 5.30 बजे पुनः मंदिर मां के सिंगार के लिए बंद किया गया और उसके बाद भक्तों के लिए मंदिर खोल दिया गया। शाम को 8.30 बजे मंदिर के पट बंद होंगे और साफ–सफाई की जाएगी। नौ बजे से 9.30 नौ बजे तक मां की बड़ी आरती की जाएगी। भक्तों के लिए 9.30 बजे खुलेगा और रात्रि 11 बजे पुनः मंदिर बंद हो जाएगा। यह क्रम नवरात्र के सभी दिन ऐसा ही क्रम जारी रहेगा।

पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारती ने बताया कि नवरात्र के मौके पर प्रयागराज नगर में स्थित सभी देवी मंदिरों में भक्तों की सुरक्षा को लेकर पुलिस बल के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके अतिरिक्त मंदिरों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से भी की जाएगी।

### नवरात्र पर सजी दुकानें, भक्तों की लगी भीड़

प्रयागराज शहर में नवरात्रि के अवसर पर दुकानें सज गई हैं। नवरात्र में मां की पूजा अर्चना के लिए कलश स्थापित करने को भक्त दुकानों पर पूजा से संबंधित सामग्री खरीदने के लिए भीड़ लगी हुई है। अलोपी बाग स्थित दुकानदार राजा माली ने बताया कि चुनरी 40 रुपये, आसन बीस रुपए से लेकर 150 रुपए तक का आसन, चुनरी, माला, कलश की बिक्री हो रही है।

## म्यांमार में भूकंप के डर से लाखों लोगों ने सड़कों पर गुजारी रात

एजेंसी

**बर्मा।** बीते दिनों आए भूकंप का डर म्यामांर के लोगों के दिलों से निकल नहीं रहा है। हालात यह है कि कहीं दोबारा भूकंप नहीं आए जाए, इस डर के चलते लाखों लोगों ने शनिवार की रात सड़कों पर ही गुजारी। उधर भूकंप में सड़कों और अस्पताल आदि को काफी नुकसान पहुंचने से जन-जीवन अभी तकअस्त-व्यस्त है। राहत सामग्री भी सही से लोगों तक नहीं पहुंच पा रही है। यूएन आफिस फार कोआर्डिनेशन आफ ह्यूमनिटेरियन अफेयर्स के मुताबिक घरों में हुए नुकसान और भूकंप के झटकों के डर से



बहुत लोगों की हिम्मत घर के अंदर जाने की नहीं हो रही है। ऐसे में उन्होंने घर के बाहर ही रात काटी। उधर भारत से भेजी गई 15 टन राहत सामग्री का वितरण भूकंप पीड़ितों को करना शुरू कर दिया गया है।गौरतलब है कि म्यामांर में आए भूकंप से कम से कम 1600 लोगों की मौत हुई है, वहीं करीब 3400 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

## धलाई में सोने के 6 बिस्कुट सहित तीन मिजो व्यक्ति गिरफ्तार

**कछार (असम)।** काछार जिलांतर्गत धलाई में सोने के बिस्कुट सहित तीन लोगों को धलाई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आज बताया है कि धलाई के रंगाउटी से 6 सोने के बिस्कुट जब्त किए गए हैं। जब्त किए गए सोने के बिस्कुट का वजन 949 ग्राम है। जब्त किए गए सोने की कीमत लाखों रुपये होने का अनुमान है। इस सोने के साथ एक महिला सहित तीन मिजो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिनकी पहचान थांगमिंगा, रेमलालंग हेका और लालनुन पुई के रूप में की गयी है। गिरफ्तार तीनों मिजोरम की राजधानी आइजोल के निवासी हैं। पुलिस को संदेह है कि सोना म्यांमार से मिजोरम होते हुए काछार में बिक्री के लिए लाया गया था। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर तीनों से सघन पूछताछ कर रही है।

## देर रात अस्पताल पहुंचे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, मुठभेड़ में घायल जवानों का जाना हालचाल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के केरलापाल इलाके में शनिवार को सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में 17 नक्सलियों को मार गिराया है। वहीं मुठभेड़ में घायल तीन जवानों को रायपुर के निजी हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है, जहां तीनों का इलाज जारी है। शनिवार देर रात उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने हॉस्पिटल पहुंचकर घायल जवानों का हालचाल जाना और डॉक्टरों को उचित उपचार करने के निर्देश दिए। देर रात घायल जवानों से मुलाकात के बाद उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, तीनों जवान खतरे से बाहर है। जवानों को गोली लगी थी, जिसे ऑपरेशन कर निकाला गया। उन्होंने जवानों के हौसले को सलाम करता हूं और डॉक्टरों को धन्यवाद देता हूं। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ का जो लक्ष्य है उसके अनुसार जवानों की कार्रवाई जारी है। हमारा मकसद गोली चलाना नहीं हैं। हम गोली चलाना नहीं चाहते। नक्सल उन्मूलन के लिए घर वापसी का कार्यक्रम चल रहा है। नक्सलियों के पास मुख्यधारा से जुड़ने का विकल्प है। इसके बाद भी अगर वहां के विकास की गति को रोकेंगे तो फिर इसका अंजाम भुगतना पड़ेगा।

## सूरत के हीरा उद्योग से जुड़े श्रमिकों की हड़ताल, रैली निकाल जताया रोष

### डायमंड वर्कर यूनियन के आह्वान पर बड़ी संख्या में हीरा श्रमिक शामिल हुए




एजेंसी

**सूरत।** सूरत के हीरा उद्योग के श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर रविवार सुबह हड़ताल शुरू की गई। बड़ी संख्या में कतारगाम से हीराबाग तक हीरा उद्योग से जुड़े श्रमिकों ने एकता रैली निकाल कर रोष जताया।

सूरत के हीरा उद्योग में पिछले कुछ महीनों से नोटबंदी और कोरोना काल जैसे हालात पैदा हो गए हैं। हीरा उद्योग के कर्मचारी छंटनी से लेकर वेतन कटौती तक की मार झेल रहे हैं। ऐसे हालत में कर्मचारियों-हीरा कारीगरों के संगठन ने हड़ताल की घोषणा की है। 30 मार्च को हड़ताल के साथ सूरत के कतारगाम से लेकर कापोद्रा हीराबाग तक एकता रैली आयोजित की गई।

इससे पहले डायमंड वर्कर यूनियन की ओर से 10 मार्च को सूरत के कलक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था। जिसमें हीरा कारीगरों की समस्या से सरकार को अवगत कराया गया था। यूनियन के उप प्रमुख भावेश टांक ने कहा कि पिछले दो साल से हीरा उद्योग में मंदी का दौर जारी है। बड़ी संख्या में कर्मचारियों का रोजगार छिन गया है और वेतन में कटौती हो रही है। आर्थिक तंगी के कारण लोग जान गंवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि संगठन की मांगों में हीरा कारीगर के लिए कल्याण बोर्ड बनाने, हीरा कारीगरों के लिए आर्थिक पैकेज घोषित करने, महंगाई को ध्यान में रखते हुए 30 फीसदी वेतन वृद्ध करने, हीरा उद्योग में श्रम कानून को लागू करने, व्यवसाय वेरा खत्म करने, आत्महत्या करने वाले परिवारों को आर्थिक सहायता देने, रत्नदीप योजना घोषित किया जाना शामिल है। जानकारों की मानें तो सूरत के हीरा उद्योग में पिछले 50 साल में सबसे बड़ी मंदी का दौर जारी है। कई कारखाना बंद हो चुके हैं। सूरत में करीब 17 लाख हीरा श्रमिक हैं जो विभिन्न इकाइयों में कार्यरत हैं। मंदी की वजह से वेतन कटौती से लेकर श्रमिकों को बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री ने किया दीक्षा भूमि को नमन

एजेंसी

**नागपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को नागपुर के दौरे पर हैं। इस बार वे दीक्षा भूमि गए और महापुरुष डॉ. आंबेडकर और तथागत गौतम बुद्ध को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उनके साथ मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी मौजूद थे।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं बाबा साहब डा. आंबेडकर के पंचतीर्थों में से एक, नागपुर कि दीक्षा भूमि पर आने के सौभाग्य से अभिभूत हूं। इस पवित्र स्थान के वातावरण में बाबासाहेब के सामाजिक सद्भाव, समानता और न्याय के सिद्धांतों को आसानी से अनुभव किया जा सकता है। दीक्षा भूमि हमें गरीबों, वंचितों और जरूरतमंदों को समान अधिकार और न्याय दिलाकर



आगे बढ़ने की ऊर्जा देती है। मुझे पूरा विश्वास है कि इस अमर युग में हम डा. आंबेडकर की शिक्षाओं और मूल्यों का पालन करेंगे। यह देश को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। मोदी ने कहा कि विकसित और समावेशी भारत का निर्माण ही बाबा साहब को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## सराफा बाजार में तेजी जारी, 1 सप्ताह में 1,370 रुपये महंगा हुआ सोना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सराफा बाजार में आज, रविवार को सोने की कीमत में लगातार मजबूती बनी हुई है। पिछले एक सप्ताह में सोने के भाव में 1,300 से 1370 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी आ गई है। इस तेजी के कारण 24 कैरेट सोने का भाव 91 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को भी पार कर गया है। देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना रविवार (आज) को 91,200 रुपये से लेकर 91,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 83,600 रुपये से लेकर 83,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही पिछले एक सप्ताह के कारोबार में चांदी के भाव में करीब 3 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक की तेजी आई है। इस तेजी के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सराफा बाजार में 1,03,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 91,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 83,750 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 91,200 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 83,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 91,250 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 83,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 91,200 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 83,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

## प्रतिकूल वैश्विक स्थितियों से प्रभावित हुआ प्राइमरी मार्केट, अगले सप्ताह एक भी नया आईपीओ नहीं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट में बनी प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण प्राइमरी मार्केट में नए आईपीओ की लॉन्चिंग के लिहाज से पूरी तरह से सूखा पड़ा रहने वाला है। एक अप्रैल से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान एक भी नया आईपीओ लॉन्च होने वाला नहीं है। हालांकि पिछले सप्ताह 27 और 28 मार्च को सब्सक्रिप्शन के लिए खुले तीन आईपीओ में दो और तीन अप्रैल तक बोली लगाई जा सकेगी। जहां तक लिस्टिंग की बात है तो इस सप्ताह चार कंपनियों के शेयर लिस्टिंग के जरिए स्टॉक मार्केट में कारोबार की शुरूआत करेंगे।




पिछले सप्ताह 27 मार्च को सब्सक्रिप्शन के लिए खुले रेटैगियो इंडस्ट्रीज के 15.5 करोड़ रुपये के पब्लिक इश्यू में 2 अप्रैल तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 25 रुपये प्रति शेयर का भाव तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 6,000 शेयर का है। इस आईपीओ को अभी तक 0.84 गुना सब्सक्रिप्शन मिल चुका है। इश्यू क्लोज होने के बाद तीन अप्रैल को शेयरों का अलॉटमेंट होगा, जबकि सात अप्रैल को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इनकी लिस्टिंग होगी। इसी तरह पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबार दिन 28 मार्च को सब्सक्रिप्शन के लिए खुले स्पिनैरो कॉमर्शियल लिमिटेड के आईपीओ में तीन अप्रैल तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 51 रुपये प्रति शेयर का भाव तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। इस आईपीओ को अभी तक 0.16 गुना सब्सक्रिप्शन मिल चुका है। इश्यू क्लोज होने के बाद चार अप्रैल को शेयरों का अलॉटमेंट होगा, जबकि आठ अप्रैल को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इनकी लिस्टिंग होगी।

इसी तरह 28 मार्च को ही सब्सक्रिप्शन के लिए खुले इनफोनेटिव सॉल्यूशंस के 24.71 करोड़ रुपये के पब्लिक इश्यू में तीनअप्रैल तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 75 रुपये से लेकर 79 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,600 शेयर का है। इस आईपीओ को अभी तक 0.52 गुना सब्सक्रिप्शन मिल चुका है। इश्यू क्लोज होने के बाद चार अप्रैल को शेयरों का अलॉटमेंट होगा, जबकि आठ अप्रैल को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इनकी लिस्टिंग होगी।

जहां तक इस सप्ताह स्टॉक मार्केट में होने वाली लिस्टिंग की बात है, तो एक अप्रैल से लेकर तीन अप्रैल के बीच चार कंपनियां के शेयर लिस्टिंग के जरिए अपने कारोबार की शुरूआत करेंगे। इनमें एक अप्रैल को डेस्को इंफ्राटेक के शेयर बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्टिंग के जरिए कारोबार की शुरूआत करेंगे। इसी तरह दो अप्रैल को श्री अहिंसा नेचुरल्स और एटीसी एनर्जीज के शेयरों की एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्टिंग होगी। इसके अलावा तीन अप्रैल को आईडेंटिक्स वेब के शेयर बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### गंगाधर नदी में तैरते मिला किशोर का शव

**धुबड़ी (असम)।** गोलकगंज के पूर्वी गइखवा में गंगाधर नदी के पानी में आज सुबह तैरते हुए अवस्था में एक किशोर का शव मिला। शव की पहचान गांव के नूर मोहम्मद (10) के रूप में हुई है। गुरुवार की दोपहर को अपने हम उम्र दो बच्चों के साथ नदी में नूर नहाने गया था। नहाने के दौरान नूर मोहम्मद गहरे पानी में चले जाने के बाद डूब गया। घटना वाले दिन से बच्चे की तलाश में एसडीआरएफ ने अभियान शुरू किया। गोताखोरों की मदद से चलाए गये अभियान के बावजूद एसडीआरएफ को कोई सफलता नहीं मिली। तीन दिन तक अभियान चलाने के बाद भी एसडीआरएफ को सफलता हाथ नहीं लगी। बीते कल शाम को एसडीआरएफ ने तलाशी अभियान समाप्त किया था। इस बीच गांव के निमाई दास नाव लेकर मछली मारने नदी में उतरे थे। उन्होंने हादसे वाले स्थान पर एक शव को देखा। शव की पहचान करते ही गोलकगंज पुलिस को इसकी सूचना दी गयी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पानी से बाहर निकाला। शव को मरणोत्तर परीक्षा के लिए धुबड़ी चिकित्सा महाविद्यालय भेज दिया गया है। पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर लिया है।

### तिताबर मेलामाटी पटिया गांव में 1 से 8 अप्रैल तक भागवत पाठ की व्यापक तैयारी

**जोरहाट (असम)।** जोरहाट जिले के तिताबर मेलेमाटी पटिया गांव में एक से आठ अप्रैल तक लगातार भागवत पाठ की व्यापक तैयारी चल रही है। वैष्णव भक्तों का स्वागत करने के लिए पटिया गांव की महिलाएं, पुरुष, वृद्ध एवं युवा भागवत पाठ के आयोजन को सफल बनाने की तैयारियों में पूरे मनोवेग से जुटे हुए हैं। भक्तों की सेवा करने के लिए महिलाएं आठ हजार मिठाइयां तैयार कर रही हैं। ज्ञात हो कि कि एक अप्रैल से आठ अप्रैल तक लगातार भागवत पाठ कार्यक्रम का आयोजन होगा। वर्तमान में पाटिया गांव के बरनामघर में उत्साह भरा माहौल चारो ओर विराजमान है। लगातार आयोजित होने वाला भागवत पाठ कार्यक्रम पाटिया गांव और उसके आस-पास के गांवों के लोगों के साथ-साथ पूरे विश्व के लोगों की शांति के लिए आयोजित किया जा रहा है। सात दिन, सात रातों तक लगातार भागवत पाठ कार्यक्रम में उपस्थित रहकर श्रवण-कीर्तन और दर्शन करने के लिए वैष्णव भक्तों को स्थानीय निवासियों ने आमंत्रित किया है।

### हेस्टिंग्स जुट मिल में लगी आग

**हुगली।** हुगली जिले के रिषड़ा स्थित हेस्टिंग्स जुट मिल के बॉयलर विभाग में शनिवार रात तकरीबन 11 बजकर बीस मिनट पर आग लग गई। जहां आग लगी उसके पास ही केरोसिन तेल के डब्बे पड़े हुए थे, जो देखते ही देखते आग की चपेट में आ गए और आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घटना की खबर पाकर दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और घंटे भर की मशक्कत के बाद रविवार तड़के तकरीबन चार बजे आग को काबू कर लिया गया। खबर लिखे जाने तक इस अग्निकांड में हुए नुकसान का सटीक आंकलन नहीं किया जा सका था। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। हालांकि घटना के बाद श्रमिकों में आतंक है।

### मालदा के मोथाबाड़ी में कांग्रेस ने की अर्द्धसैनिक बल तैनात करने की मांग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के मोथाबाड़ी इलाके में हिंसा के बाद कांग्रेस सांसद ईशा खान चौधरी ने पुलिस के साथ अर्द्धसैनिक बलों की तत्काल तैनाती की मांग की है। इस मामले में अब तक 50 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। चौधरी ने मालदा के पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार यादव को पत्र लिखकर कहा, मैं शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती, फुट पेट्रोलिंग और रूट मार्च की तत्काल आवश्यकता का अनुरोध करता हूं। मालदा दक्षिण लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी ने सुझाव दिया कि सुरक्षा बलों की पेट्रोलिंग और मार्चिंग का रूट इंग्लिशबाजार-बाधापुकुर से मोथाबाड़ी और सुतानी से मधुघाट तक रखा जाए। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द कड़े कदम उठाकर इलाके में शांति बहाल करने की अपील की। फिलहाल, राज्य सशस्त्र पुलिस (एसएपी) और रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के जवान संवेदनशील इलाकों में गश्त कर रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, गुरुवार को एक धार्मिक जुलूस के दौरान मोथाबाड़ी में हिंसा भड़क गई थी, जिसमें आगजनी, तोड़फोड़ और हमले हुए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि चार कंपनियां राज्य सशस्त्र पुलिस और बड़ी संख्या में आरएएफ जवानों को तैनात किया गया है। इसके अलावा, एक और एसएपी कंपनी प्रभावित इलाके में भेजी गई है। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए शुक्रवार से मोथाबाड़ी और आसपास के इलाकों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। हालांकि, राम नवमी और ईद के कारण इलाके में निषेधाज्ञा लागू नहीं की गई है। इस बीच, कलकत्ता हाई कोर्ट ने मालदा के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को हिंसा को लेकर उठाए गए कदमों की रिपोर्ट तीन अप्रैल तक पेश करने का निर्देश दिया है।

### चारु मार्केट में किराए के मकान से युवक का शव बरामद

**कोलकाता।** दक्षिण कोलकाता के चारु मार्केट में किराए के मकान से एक युवक का शव बरामद होने से हड़कंप मच गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, युवक का नाम अविनाश बाउरी (22) है। वह आसनसोल के बराकर का निवासी था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, घटना दक्षिण कोलकाता के चारू मार्केट थाना क्षेत्र में हुई। शनिवार शाम करीब साढ़े छह बजे सूचना मिलने पर डीपीएस रोड स्थित एक बहुमंजिली इमारत के बंद कमरे से एक युवक का शव बरामद किया गया। पुलिस पहुंची तो देखा कि युवक घर के अंदर जमीन पर पड़ा है। उसका परिवार आसनसोल में रहता है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दक्षिण कोलकाता के चारु मार्केट थाना क्षेत्र में एक युवक की वॉलपेपर की दुकान है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, वह व्यवसाय के सिलसिले में यहां रहता था। युवक चारु मार्केट में किराये पर मकान लेकर रह रहा था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने युवक की असामान्य मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शोपियां में हाई-डेंसिटी सेब की खेती हो रही है लोकप्रिय

**जम्मू।** शोपियां, जो अपने मीठे और रंगीन सेबों के लिए जाना जाता है अब खेती के नए तरीकों की ओर बढ़ रहा है। यहां के किसान पारंपरिक बागवानी छोड़कर हाई-डेंसिटी सेब की खेती को अपनाने लगे हैं जिससे सेब उद्योग में बड़ा बदलाव देखा जा रहा है। किसानों का मानना है कि हाई-डेंसिटी सेब के पेड़ पारंपरिक बागों की तुलना में अधिक फायदेमंद हैं। पारंपरिक सेब के पेड़ों को अधिक जगह, समय और श्रम की आवश्यकता होती है, जबकि हाई-डेंसिटी खेती कम जगह में अधिक उत्पादन देती है और ज्यादा लाभदायक साबित हो रही है। स्थानीय बागवानों के अनुसार, इटली से आयातित हाई-डेंसिटी सेब की किस्में कम मेहनत में जल्दी फल देना शुरू कर देती हैं। साथ ही, इन सेबों की बाजार में लगातार अच्छी मांग बनी रहती है, जिससे किसानों को अधिक मुनाफा होता है। इस नई तकनीक को अपनाने से शोपियां का कृषि परिदृश्य तेजी से बदल रहा है।

न्यूज ब्रीफ

## बुलेट मोटरसाइकिल भी बन सकता है रैन बसेरा



**बिनय मिश्रा :** जानदार सवारी शानदार सवारी की बात चलती है तो बहु प्रसिद्ध मोटरसाइकिल बुलेट का नाम स्वतः ही जुबां पर चला आता है, मजबूत टिकाऊ और चलने में दमदार शानदार मोटरसाइकिल के रूप में इसकी सशक्त पहचान है, वहीं इस बुलेट में किसी का रैन बसेरा भी हो सकता है, यह बात कहने पर शायद लोगों को विश्वास ना हो किंतु यह सत्य है, बुलेट मोटरसाइकिल चलने के साथ-साथ किसी के ठहरने का सुगम साधन भी है, मिश्रा निवास में बुलेट मोटरसाइकिल में एक बिल्ली के बच्चे ने अपना आवास और निवास दोनों बना रखा है, सबसे हैरत और आश्चर्य की बात तो यह भी है कि, जैसे ही वह मोटरसाइकिल चलने के लिए तैयार होता है तो वह इस स्थल से उतरकर अन्य स्थल पर समायोजित भी हो जाता है, अन्यथा खड़ी बुलेट मोटरसाइकिल में वह आराम से नींद कि आगोश में डूबा रहता है, इसे देखकर लोग यह कह उठते हैं जहां चाह, वहां राह, यह दृश्य वाकई में वाह, वाह,

## मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी



**गुमला :** गुमला झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा जिले के तीन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो ने बताया कि कक्षा 6, 7, 8 एवं 9 के लिए आयोजित परीक्षा के उपरांत राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा निर्गत दिशा-निदेशों के अनुरूप मेरिट सूची तैयार कर चयनित विद्यार्थियों की सूची जारी कर दी गई है। यह सूची संबंधित तीनों विद्यालयों के सूचना पट्ट के साथ-साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी, गुमला कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय तथा जिले के सभी प्रखंड संसाधन केंद्रों में प्रदर्शित की गई है, ताकि विद्यार्थी एवं अभिभावक आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकें। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एस. एस. प्लस टू उच्च विद्यालय, गुमला में 180 छात्र-छात्राओं, एस. एस. बालिका विद्यालय, गुमला में 88 छात्राओं तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, गुमला में 25 छात्राओं के रिक्त सीटों पर मेरिट सूची के आधार पर चयन किया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि चयनित छात्र-छात्रा दिनांक 03 अप्रैल से 09 अप्रैल 2025 तक संबंधित विद्यालय में संपर्क कर नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण करें। निर्धारित तिथि तक नामांकन नहीं कराने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची में शामिल अन्य योग्य विद्यार्थियों को अवसर प्रदान किया जाएगा।

## मुठभेड़ के 12 घंटे बाद शव को भेजा गया एमजीएम

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के गोविंदपुर में शनिवार रात हुए मुठभेड़ में यूपी का कुख्यात अपराधी अनुज कन्नौजिया मारा गया था। इधर, घटना के 12 घंटे बाद घटना स्थल से उसके शव को बाहर निकाला गया। शव को एक प्लास्टिक में लपेटकर एमजीएम अस्पताल भेजा गया जहां शव का एक्सरे किया जाएगा ,एक्सरे के उपरांत शव का पोस्टर्माटम किया जाएगा। इधर, घटना स्थल को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है और घटनास्थल पर मौजूद एसएसपी लोगो से पुछताछ कर रहे है।

## 50 फीसदी से अधिक मरीज का रजिस्ट्रेशन अब ऑनलाइन

**जमशेदपुर :** एमजीएम अस्पताल साकची में ओपीडी में दिखाने के लिए आने वाले मरीजों का रजिस्ट्रेशन अब ऑनलाइन हो रहा है। वैसे मरीज जो एंड्राइड मोबाइल लेकर आ रहे हैं उन्हें क्यूआर कोड में स्कैन करके रजिस्ट्रेशन करने के लिए कहा जा रहा है। इसके लिए वहां पर खड़े आयुष्मान डिजिटल के कार्यकर्ता इन मरीजों को गाइड कर उन्हें बता रहे हैं कि कैसे मोबाइल में ऐप डाउनलोड करना है और कैसे नंबर लगाने के लिए रजिस्ट्रेशन करना पड़ता है।

## सिदगोड़ा में अधेड़ की पत्थर से कूचकर हत्या

**जमशेदपुर :** सिदगोड़ा सूर्य मंदिर के सामने कांटा मैदान में गुरुवार रात एक अधेड़ की पत्थरों से कूचकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान बिजय कुमार नंद्राजोग उर्फ रिंकू (52) के रूप में हुई है, जो बागुनहातु रोड नंबर-1 का रहने वाला था और साकची फल मार्केट के बगल में सिटी गोल्ड में काम करता था। गुरुवार को वह किसी काम के लिए निकला था, उसके बाद उसका पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह लोगों ने शव को देखा और इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस के पहुंचने के बाद विजय के परिजन पहुंचे और उसकी पहचान की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के चचेरे भाई मनोज कुमार ने बताया कि बिजय कुमार रोज सुबह 9 बजे ड्यूटी के लिए साइकिल से जाता था और रात में 9 बजे के आसपास लौटता था। गुरुवार देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। बाद में उनलोगों ने थाना पहुंचकर पुलिस को लापता होने की जानकारी दी। पुलिस ने ही सुबह बताया कि उसका शव पड़ा है।

## अस्पतालों की हर जानकारी पोर्टल पर लोड करने की दी जानकारी

**जमशेदपुर :** सरकारी अस्पतालों में हो रहे कार्यों की हर जानकारी सार्वजनिक हो और विभाग के पास भी जानकारी हो इसके लिए राज्य भर के अस्पतालों के सभी स्तर के डाटा मैनेजर को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके लिए राज्य से सात प्रशिक्षक आएं हैं। इसमें स्टेट डाटा मैनेजर भी हैं। सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में एचएमआईएस को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार तक चलेगा। इसमें बताया गया कि स्वास्थ्य संबंधी जो भी कार्य हो रहे हैं को पोर्टल पर डाला जाए। सभी सरकारी अस्पतालों में, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सदर अस्पताल, अनुमंडल अस्पताल, शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में हो रहे कार्यों को पोर्टल पर डाला जाए। सरकार के सभी कार्यक्रम जैसे मलेरिया, टीबी, कुष्ठ, अंधापन नियंत्रण और एनसीडी से कार्यों को कैसे करना है, इसकी जानकारी दी जा रही है।

# सारंडा से प्रवेश कर हाथी जान माल का नुकसान कर चले जाते हैं

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** खूंटी जिला क्षेत्र से आक्रोर्षित बिगड़ैल हांथी के गुमला - सिमडेगा क्षेत्रों में प्रवेश कर अबतक पांच ग्रामीणों को मौत के घाट उतारने के बाद फिलहाल कोलेबीरा , पालकोट , रायडीह प्रखंड होते हुए, चैनपुर, कुरुमगढ़, पतगच्छा , होते हुए आंजन धाम के तहत जाने की संभावना वन विभाग द्वारा व्यक्त किया जा रहा है और साथ ही साथ वन विभाग गुमला द्वारा उक्त संबंधित वनो ( जंगलों ) में जाकर महुआ, दतवन - पत्ता , लकड़ी , एवं वन पदार्थों लाने के लिये जंगल में नहीं जाने के लिए शख्त हिदायत दी गई हैं, साथ ही साथ वन - जंगल के आसपास निवास करने वाले ग्रामीणों को भी सतर्क रहने की सलाह दी गई हैं , गुमला डीएफओ अहमद बिलाल ने बताया की खूंटी जिला क्षेत्र से होता हुआ गुमला और सिमडेगा जिला वन क्षेत्रों के कोलेबीरा प्रखण्ड के जंगल वन क्षेत्र में एक व्यक्ति को मारकर पालकोट वन क्षेत्र में मार डाला और आगे बढ़ते हुए पालकोट वन क्षेत्र में प्रवेश कर गया , और इसकी सूचना वन विभाग को हुई तो उक संबंधित आसपास के वन क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को दिया गया , परंतु लगता है कि यह सूचना कुछ लोगों तक नहीं पहुंची , जिसके फलस्वरूप पालकोट प्रखण्ड वन क्षेत्र के सिकोई जंगल में एक 7 0 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति जो महुआ चुनते गया हुआ था, उक्त वृद्ध व्यक्ति को हांथी ने अपने पैरों से कुचल कर मार डाला, जब ग्रामीणों द्वारा उक्त सूचना वन विभाग गुमला को मिली तो उसपर वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें , उक्त वृद्ध व्यक्ति का शव पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया जहां पोस्टमार्टम करवाकर उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया और मुआवजे की राशि भी



उन्हें दी गई हैं , अभी भी उक्त आक्रोर्षित एवं बिगड़ैल हाथी उक्त क्षेत्र में विचरण कर रहा है और संभावना व्यक्त की जा रही है कि उक्त हाथी चैनपुर, कुरुमगढ़ पतगाक्षा होते हुए आंजन धाम जंगल की ओर बढ़ सकता हैं , अतः उक संबंधित वन क्षेत्रों में निवास करने वाले सभी ग्रामीण जनताओ को काफी सतर्कत और होशियार रहने की जरूरत हैं , ज्ञातव्य हैं की इस दौरान अंजन धाम में महा रामनवमी उत्सव त्योहार को लेकर अंजन धाम एवं आसपास के क्षेत्र में श्री राम भक्त वीर हनुमान की जन्मस्थली अंजन धाम में सनातनी हिंदू धर्मावलंबियों का झारखंड , सहित मध्य प्रदेश - छत्तीसगढ़ - उड़ीसा एवं आसपास के बॉर्डर क्षेत्रों से काफी संख्या में लोगों का आवागमन होगा , अतः गुमला जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन सहित संबंधित वन विभाग की जवाबदेही काफी बढ़ जाती हैं , ज्ञातव्य हैं की वन विभाग की आक्रमान्यता एवं कार्य शिथिलता के कारण दशकों से सारन्डा जंगल से प्रत्येक वर्ष हाथियों का खूंटी - सिमडेगा - गुमला और लोहरदगा जिला क्षेत्रों में प्रवेश कर उत्पाद मचाता है और जान माल का नुकसान कर वापस चला जाता है क्या सिलसिला प्रत्येक वर्ष जारी रहता है गुमला उपयुक्त लियोन कुंगा के वक्त एक जंगली हाथी , बाहर से आयें हथिनी को लेकर जंगल में फरार हो गया था जिसकी प्रेम कहानी दैनिक पेरो के फ्रंट पेज समाचार में प्रकाशित हुए थे, और तो और एक व्यक्ति को हाथी ने मार कर उसके शरीर का कुछ हिस्सा खा भी दिया था, गुमला नगर स्थित टंगरा स्कूल के पास पीडब्ल्यूडी विभाग की चार दिवारी चारदीवारी तोड़ डाला था और एक हांथी पागल हो कर लोहरदगा रोड स्थित पुराना बस डिपो के पास अपने महावत को मौत के घाट उतार दिया था , ऐसे अन्य अनेक घटनी - कहानी और किस्से दशकों पूर्ण हो चुके हैं फिर भी वन विभाग अपनी अकर्मण्य और कर शिथिलता को कब तक छुपाती रहेंगी।

# मंत्री चमरा लिंडा ने छात्रावास के छात्रों के बीच किया मांदर वितरण



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला में सरहुल पर्व की पूर्व संध्या के शुभ अवसर पर झारखंड सरकार के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा का आगमन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न छात्रावासों के विद्यार्थियों के बीच पारंपरिक वाद्य यंत्र मांदर का वितरण किया। कृष्णा छात्रावास, दुनदुरिया स्थित उरांव छात्रावास, एसएस + 2 उच्च विद्यालय गुमला छात्रावास, एसएस + 2 गर्ल्स छात्रावास, के .ओ .कॉलेज छात्रावास, एवं अनुसूचित जाति महिला छात्रावास सहित कुल छह छात्रावासों में प्रत्येक को दो-दो मांदर प्रदान किए गए।

इस अवसर पर मंत्री ने कहा, ‟मांदर हमारी आदिवासी संस्कृति की आत्मा है। इसकी उपयोगिता केवल सांस्कृतिक प्रस्तुतियों तक सीमित नहीं, बल्कि यह हमारी पहचान और विरासत का प्रतीक है। हमें अपने सांस्कृतिक मूल्यों को अगली पीढ़ियों तक जीवंत रूप में पहुँचाना है।‟ उन्होंने आदिवासी समाज की समृद्धि एवं विकास की कामना की तथा समस्त जिलेवासियों को सरहुल पर्व की अग्रिम शुभकामनाएँ दीं।

उक्त कार्यक्रम में उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह, परियोजना निदेशक (आईटीडीए) रीना हांसदा समेत अन्य पदाधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नाबालिग चला रहा था ट्रैक्टर, बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

**धनबाद :** बरवाअड्डा थाना अंतर्गत आठ लेन हीरक रोड भेलाटांड़ के समीप शनिवार की दोपहर ट्रैक्टर और बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक चालक 21 वर्षीय राहुल गोप गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से भाग निकला। ह्यूमनिटी हेल्पिंग हेल्थ संस्था के अध्यक्ष गौतम मंडल तत्काल राहुल को एसएनएमएमसीएच धनबाद ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राहुल बगुला बस्ती के रहने वाला था। राहुल की दुर्घटना में मौत की सूचना पर मृतक के परिजन समेत स्थानीय लोग घटनास्थल पहुंच कर हंगामा करने लगे और आठ लेन रोड को जाम कर दिया। लोगों को कहना था कि ट्रैक्टर नाबालिग चला रहा था।

हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने गिट्टी लदे ट्रैक्टर पर जमकर पथराव किया और सभी चक्कों का हवा निकाल दी। लोग आठ लेन रोड पर हादसे में आए दिन हो रही मौत पर नाराजगी जताते हुए फुटओवर ब्रिज की मांग कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने मृतक के परिजन को मुआवजा देने की मांग की। लोगों ने आरोप लगाया कि मात्र 15-16 वर्ष का लड़का ट्रैक्टर चला रहा था। ट्रैक्टर चालक की लापरवाही और तेज गति के कारण घटना घटी है। घटना की सूचना पर बरवाअड्डा थाना प्रभारी सुनील रवि दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत करने का प्रयास किया। सूचना पर अंचल अधिकारी धर्मेंद्र दुबे ने घटनास्थल पहुंच कर मृतक के परिजन को आपदा राहत कोष से राशि का भुगतान जल्द कर देने के आश्वासन दिया। इसके बाद लगभग तीन घंटे बाद रोड जाम हटाया गया।राहुल गोप 12वीं के बाद इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहा था।

# जानकारी के अभाव में नहीं हो पाता सही योजना का चयन : डीडीसी

**जमशेदपुर :** उप विकास आयुक्त (डीडीसी) अनिकेत सचान ने कहा कि मुखिया के इच्छुक होने के बावजूद कई बार जानकारी के अभाव में पंचायत क्षेत्र के लिए सही योजना का चयन नहीं हो पाता है। जिन्हें योजना का लाभ मिलना है, उनका भी जागरूक होना जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्र में अच्छी सुविधा कैसे मिले, जिससे लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाया जा सके, इस दिशा में योजनाबद्ध रूप से कार्य किया जाना आवश्यक है। वे शुक्रवार को साकची के एक होटल में आयोजित मुखिया कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, मुखिया से यह अपेक्षित है कि ग्राम पंचायत को सशक्त बनाने के लिए योजनाओं के चयन में जिला प्रशासन का सहयोग करें। आपके पंचायत क्षेत्र में जो भी सरकारी परिसंपत्ति है, उनके संचालन के लिए स्वयं आगे आएं। कुछ प्रस्ताव, विचार, सुझाव जरूर दें, ताकि पंचायतों में मूलभूत सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं पंचायती राज के क्षेत्र में बेहतर कार्य हो सके। कार्यशाला में शामिल अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (एसीएमओ) डॉ. जोगेश्वर प्रसाद, जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉ. ए मित्रा, जिला योजना पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण या पंचायती राज के क्षेत्र में पंचायतों का समुचित विकास तभी संभव है, जब समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर स्थानीय नेतृत्व की इसमें सक्रिय भागीदारी हो। मुखिया, ग्राम स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, समुदाय को शिक्षित करने तथा पंचायतों को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आम जन से जुड़ी कई समस्याओं का निराकरण पंचायत स्तर पर किया जा सकता है। जिला प्रशासन ने पिरामल फाउंडेशन की मदद से आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत पंचायतों को सक्षम बनाने हेतु आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना तैयार करने को लेकर यह कार्यशाला आयोजित की थी। इसमें पोटका, मुसाबनी, पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड के मुखियागण शामिल हुए।

# रक्षा राज्यमंत्री से कोल्हान में उपक्रम शुरू करने का आग्रह

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का प्रतिनिधमंडल नई दिल्ली में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से मिला। विजय कुमार मूनका की अध्यक्षता वाले प्रतिनिधिमंडल में महासचिव मानव केडिया, उपाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, पुनीत कांवटिया, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, सचिव भरत मकानी, बिनोद शर्मा एवं अंशुल रिंगसिया शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने कोल्हान के औद्योगिक विकास को लेकर जमशेदपुर या इसके आसपास रक्षा क्षेत्र से जुड़े उपक्रम बनाने या प्रतिष्ठान स्थापित करने का आग्रह किया। मंत्री संजय सेठ ने कहा कि केन्द्र सरकार आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत रक्षा क्षेत्र से जुड़े सभी उत्पादों का निर्माण अपने देश में ही करने की योजना पर चल रही है। इस योजना के अंतर्गत रक्षा क्षेत्र से जुड़े उत्पादों का निर्माण जमशेदपुर में होता है तो यह प्रशंसा का विषय होगा। उन्होंने कहा कि वायुसेना द्वारा आगामी 19-20 अप्रैल को रांची में एयर शो का आयोजन किया जाएगा। साथ ही इसी वर्ष सितंबर या अक्तूबर में झारखंड में डिफेंस एक्सपो का भी आयोजन किया जाएगा, जो झारखंड में पहली बार होगा। इस एक्सपो का मुख्य उद्देश्य उद्यमियों को इस क्षेत्र से संबंधित नए अवसरों की जानकारी उपलब्ध कराना है।

चैम्बर प्रतिनिधिमंडल के साथ संजीव कुमार, सचिव, डिफेंस उत्पाद की रक्षा मंत्रालय स्थित उनके कार्यालय में बैठक हुई। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सचिव डिफेंस उत्पाद से कोल्हान के उद्यमों को इस क्षेत्र से जुड़े नए उत्पादों की जानकारी उपलब्ध कराकर इसके निर्माण क्षेत्र से जुड़ने के लिए नए अवसर उपलब्ध कराने की मांग भी रखी। इसपर सचिव संजीव कुमार ने कहा कि रक्षा मंत्रालय का प्रोडक्शन विभाग इसके लिए समय-समय पर चैम्बर के साथ वेबिनार/मीटिंग का आयोजन करेगा, जिसमें उद्यमियों को यह जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी कि वे इस क्षेत्र में और क्या कर सकते हैं। सचिव संजीव कुमार ने प्रतिनिधिमंडल के समक्ष रक्षा क्षेत्र से जुड़े लगभग 38 हजार उत्पादों की सूची रखी।

## पैसेंजर से मेमू बनने वाली छह ट्रेनों का 10 से बदलेगा नंबर

**जमशेदपुर :** टाटानगर की छह पैसेंजर ट्रेनों का कोच अप्रैल में बदलेगा। इसके अलावा 10 अप्रैल से ट्रेन का नंबर व परिचालन समय भी बदलेगा। दक्षिण पूर्व रेलवे जोन से शुक्रवार को पैसेंजर से मेमू बनने वाली ट्रेनों का नंबर जारी किया गया है। इससे टाटानगर-बड़बिल पैसेंजर, टाटानगर-गुवा पैसेंजर, टाटा-बरकाकाना पैसेंजर, टाटानगर-चक्रधरपुर और टाटानगर-खड़गपुर की दो पैसेंजर ट्रेनों को मेमू बनाया जाएगा। बताया जाता है कि पैसेंजर ट्रेनों का रैक बदलने से विभिन्न मार्ग की ट्रेनों के भी परिचालन स्थिति में सुधार होगा, क्योंकि खड़गपुर, हटिया व अन्य स्टेशन से टाटानगर आकर ट्रेनें दूसरे मार्ग पर नंबर बदलकर रवाना होती हैं। पैसेंजर से मेमू बनने वाली ट्रेनों की स्पीड भी बढ़ जाएगी। इससे रेलवे को स्टेशन दर स्टेशन खुलने व ठहराव के समय में बदलाव करना पड़ेगा। जानकार बताते हैं कि दक्षिण पूर्व जोन से आद्रा व रांची के अलावा कई अन्य स्टेशन की पैसेजर ट्रेनों का रैक बदलेगा।

## रेलवे में वरिष्ठ नागरिकों की छूट बंद करने से आक्रोश, स्टेशन पर धरना

**जमशेदपुर :** रेलवे द्वारा ट्रेन टिकट में वरिष्ठ नागरिकों की किराया छूट बंद करने का विरोध एक बार फिर शुरू हो गया। किराया में छूट की मांग पर सिंहभूम केन्द्रीय वरिष्ठ नागरिक समिति के सदस्यों ने शिवपूजन सिंह के नेतृत्व में रविवार को टाटानगर स्टेशन पर धरना दिया। इससे प्लेटफार्म नंबर एक दिन भर वरिष्ठ नागरिकों के नारेबाजी से गूंजता रहा। सिंहभूम केन्द्रीय वरिष्ठ नागरिक समिति के के आंदोलन को जमशेदपुर की कई संस्थाओं ने भी समर्थन दिया है। इधर, शिवपूजन सिंह ने कहा कि रेलवे ने वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा बंद कर अमानवीय कार्य किया है। स्टेशन पर रैंप नहीं बना हैं न प्लेटफार्म के फुटओवर ब्रिज पर लिफ्ट या एस्केलेटर है। इससे वरिष्ठ नागरिकों को सीढ़ी चढ़ने में दिक्कत होती है। रेलवे को वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा पर ध्यान देना चाहिए।

# पटना, वाराणसी और कोलकाता के बजाय झारखंड के सेवई ने बढ़ाई लोगों की मिठास

**मेट रेज संवाददाता**

**रांची :** ईद खुशियों और से भाईचारे का पर्व है। इस अवसर पर बनने वाला सेवइयां और लच्छा लोगों के संबंधों में मिठास घोलने का काम करती है। यही वजह है कि रमजान का पाक महीना खत्म होते ही ईद को लेकर सजनेवाला बाजार सेवइयों और लच्छा से भर जाता है।

इस बार भी ईद को लेकर रांची के बाजारों में लच्छा की एक से बढ़कर एक वेराइटी देखी जा रही है। पटना से लेकर वाराणसी और कोलकाता तक का लच्छा रांची के बाजार में आपको देखने को मिल जाएगा। मगर इन सारे जगहों की अपनी विशिष्टता के बाबजूद झारखंड का लच्छा सबसे ज्यादा यहां पसंद किया जा रहा है।

रांची के डेली मार्केट के दुकानदार मो। शादाब कहते हैं कि बाजार में 150 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक का लच्छा उपलब्ध है जो अलग अलग वेराइटी में है मगर सबसे ज्यादा डिमांड झारखंड में बने लच्छा का है। इसके पीछे की वजह यह है कि यह कम दाम में उपलब्ध है और लोगों को लोकल टेस्ट की अनुभूति कराता है। रिफाइन से बना यह लच्छा 150 से 200 रुपए किलो में उपलब्ध है जिसे सामान्य लोग से लेकर हर आम आदमी खरीद सकता है।

दुकानदार मोहम्मद अबीबुल्लाह कहते हैं कि अन्य जगहों की तुलना में रांची का लच्छा सबसे ज्यादा बेहतर है। बनारस, कोलकाता आदि के लक्ष्य में डुप्लीकेसी अधिक देखी जा रही है। रांची के लच्छा में कोलकाता का स्टिकर लगाकर लोग बेच देते



हैं। बनारस का लच्छा और सेवई को बनाने का तरीका कठिन है जिसे हर लोग नहीं बना सकते हैं और महंगा भी होता है।

डालडा से लेकर घी में बने लच्छा की है रांची में डिमांड

ईद के मौके पर रांची के बाजारों में डालडा से लेकर घी में बना मैदा का लच्छा की अच्छी खासी डिमांड है। हैंडमेड से लेकर मशीन द्वारा तैयार रंग बिरंगा लच्छा ग्राहकों को आकर्षित कर रहा है। खरीदारी करने पहुंचे पुदांग के एमए हुसैन कहते हैं कि लोग अपने-अपने पसंद से खरीदारी करते हैं लेकिन इतना तो जरूर है कि किसी खास जगह का खास चीज बना अपने आप में जरूर खास रहता है जिस वजह से इसकी डिमांड बनी रहती है।

उत्तर प्रदेश और कोलकाता में बने लच्छा और सेवइ की बड़ाई करते हुए उन्होंने कहा कि लोकल लोकल ही रहता है हालांकि इस बार महंगाई का कोई खास असर नहीं दिख रहा है। ईद की खरीदारी करने पहुंची अलीशा बताती हैं कि बाजार में हर ब्रांड के समान है आप पर निर्भर करता है कि आप कौन सा पसंद करते हैं। घी में बना लच्छा या सेवई अपने आप में खास होता है जिसमें ड्राई फ्रूट्स के साथ इसे तैयार किया जाता है। बहरहाल ईद को लेकर रांची के बाजारों में रौनक देखी जा रही है लोग खरीदारी में जुटे हैं।